सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 188 | 12



फिल्म देवा का नया पोस्टर हुआ रिलीज

## न्यूज डायरी

### पूर्व सीएम चंपई सोरेन बीमार टीएमएच में भर्ती

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और वे कमजोरी महसूस कर रहे थे। पूर्व सीएम के प्रेस सलाहकार ने बताया कि वे डॉक्टर की निगरानी में हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्हें पिछले कुछ दिनों से लगातार लूज मोशन की शिकायत थी। जब तबीयत नहीं सुधरी तो उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनके साथ उनके छोटे बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद हैं। जब तक वे पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं हो जाएंगे तब तक उन्हें अस्पताल में भर्ती रखा जायेगा।

### इमरान को 14, बुशरा को 7 साल कैद की सजा

**कराची।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल अदालत ने अलकादिर ट्रस्ट के मामले में शुक्रवार को 14 साल की सजा सुनायी। साथ ही उनकी इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल की सजा दी गयी है। इमरान खान इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दे रहे हैं। 2023 में इमरान खान को सरकारी उपहारों को बेचने, सरकारी रहस्यों को लीक करने और गैरकानूनी शादी से जुड़े तीन मामलों में दोषी करार दिया जा चुका था।

### दो लाख का इनामी जोनल कमांडर गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की रांची पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमेटी के दो लाख के इनामी सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। कृष्ण यादव के ऊपर रामगढ़, लातेहार, चतरा, रांची और लोहरदगा जिले के अलग-अलग थानों में कुल 51 मामले दर्ज हैं।

### एसीबी ने घूस लेते पंचायत सचिव को दबोचा

**हजारीबाग।** एसीबी की टीम ने शुक्रवार को पंचायत सचिव दीपक दास को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। हजारीबाग में एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई की। पंचायत सचिव ने अबुआ आवास योजना के तीसरी किस्त की अदायगी के लिए लाभुक से घूस मांगा था। चमेली देवी नामक एक लाभुक को अबुआ आवास योजना का लाभ मिला था। उनसे पंचायत सचिव ने तीसरे किस्त के लिए 11 हजार रुपया घूस की मांग की थी। महिला ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने आरोप के सत्यापन के बाद पंचायत सेवक को घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 रु./प्रति किलो |




## राष्ट्रपति ने गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

# झारखंड की बेटी सलीमा टेटे अर्जुन अवार्ड से अलंकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली, रांची।** झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें इस सम्मान से अलंकृत किया। सलीमा टेटे समेत 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड पिछले चार साल की अवधि में बेहतर प्रदर्शन, खेल कौश और अनुशासन की भावना के लिए दिया जाता है। सलीमा को अर्जुन अवार्ड मिलने से पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सिमडेगा की रहने वाली सलीमा झारखंड की पहली बेटी हैं, जिन्हें यह सम्मान पाने का गौरव मिला। उनकी इस उपलब्धि पर राजयपाल, मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं, खेल संगठनों से बधाई दी है। वर्ष 2016 में सलीमा टेटे का चयन जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हुआ था। उसके बाद से लगातार वो आगे बढ़ती रहीं। मई 2024 में उन्हें भारतीय महिला टीम का कप्तान बनाया गया। सलीमा टेटे झारखंड के सिमडेगा जिले बड़की छापर गांव की निवासी है। उनके पिता भी स्थानीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं।



### राज्य की अर्जुन अवार्डी पहली महिला खिलाड़ी बनीं सलीमा

#### आपकी उपलब्धि पर गर्व : सीएम हेमंत सोरेन

राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश और झारखंड को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें। सीएम हेमंत सोरेन ने सलीमा टेटे को टैग करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आपकी इस शानदार उपलब्धि पर हम हम सभी को गर्व है। पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास ने भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को बधाई एवं शुभकामनाएं। समस्त झारखंडवासियों को आप पर गर्व है।

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024**

#### संघर्ष व प्रतिभा को मिला सम्मान

काफी संघर्षों के बाद सलीमा ने सिमडेगा से भारतीय हॉकी टीम तक सफर तय किया है। उनके इस संघर्ष में उनके परिवार वालों खूब साथ दिया। इसी के बदौलत आज वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रही हैं।

#### बहुमखी प्रतिभा की धनी हैं सलीमा टेटे की धनी हैं: भोला सिंह

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने सलीमा टेटे को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री सिंह ने कहा कि अर्जुन अवार्ड मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। इससे पहले माइकल किंडो को अर्जुन अवार्ड मिला था। उन्होंने कहा कि सलीमा झारखंड की पहली बेटी है, जिन्हें यह वार्ड मिला है। यह पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। सलीमा प्रतिभा की इतनी धनी हैं कि कई बार जरूरत पड़ने पर टीम के लिए बतौर फॉर्वर्ड भी खेल चुकी हैं।

## तिरू फॉल में डूबने से तीन युवाओं की मौत

### हेहल, रांची निवासी इंजीनियर आशीष और अंकुर दोनों सगे भाई थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** राजधानी के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित तिरू फॉल में शुक्रवार को नहाने उतरे तीन युवकों की डूबने से मौत हो गयी। इनमें रांची हेहल के दो सगे भाई भी हैं। तीनों युवक नयी गाड़ी खरीदने की खुशी में पूरे परिवार के साथ तिरूफॉल में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। मृत युवकों की पहचान रांची हेहल निवासी स्व पद्मलोचन दास के दो इंजीनियर पुत्रों आशीष कुमार (23), अंकुर कुमार (26) तथा एक करीबी रिश्तेदार दीपक गिरि (19) के रूप में की गयी। दीपक चान्हो थाना के करकट निवासी अशोक गिरि के पुत्र थे।

#### मां के सामने तीनो बच्चे डूब गये

जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे तिरूफॉल में नहाने के दौरान अचानक आशीष डुबने लगा। उस को बचाने के प्रयास में दीपक और अंकुर भी डुब गये। तीनों बच्चों को पानी में डुबते देखकर अंकुर की मां भी उन्हें बचाने पानी उतरीं, पर वह किसी को बचा नहीं सकीं। तीनों बच्चे गहरे पानी में समा गये। घटनास्थल पर मां दहाड़ मार कर रोने लगीं। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तीनों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। आनन-फानन में सीएचसी बुढ़मू लेकर आयी। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

#### सुरक्षा की व्यवस्था नहीं



ग्रामीणों और परिजनों ने कहा कि तिरूफॉल सहित प्रखंड के अन्य पर्यटन स्थल में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव के कुछ लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए कमेटी बनाकर रखा गया था लेकिन यह सिर्फ पर्यटकों से वसूली तक सीमित हैं। सूचना पाकर बीडीओ धीरज कुमार और सीओ सचिदानंद वर्मा सीएचसी पहुंचे। बीडीओ और सीओ ने कहा कि क्षेत्र में स्थित सभी पर्यटन स्थल में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जायेगा।

#### आशीष दिल्ली में इंजीनियर था

आशीष दिल्ली के गुड़गांव में नौकरी करता था। वहीं अंकुर भी इंजीनियर था और उसकी हाल में ही रांची के आइएचएम में नौकरी लगी थी। आशीष की छुट्टी खत्म हो गयी थी और शुक्रवार की शाम की फ्लाइट से उसे दिल्ली जान था। उससे पहले ही यह हादसा हो गया। आशिष और अंकुर की मां पिपरवार थाना में कार्यरत है। दीपक श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज रांची में पढ़ाई करता था।

**चीत्कार से माहौल गमगीन :** अपनी आंखों के सामने बच्चों के डूबने से परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। एक साथ तीन शवों को देख और उनके परिजनों की करुण चीत्कार से बुढ़मू सीएचसी में मौजूद हर शख्स की आंखें भी नम हो गयीं।

## देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार 'नक्सलमुक्त भारत' बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है। मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गये थे।

## 31 से बजट सत्र, एक फरवरी आम बजट

**नयी दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी के बीच हो सकता है। इस दौरान वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। 31 को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सत्र का दूसरा भाग मार्च के दूसरे सप्ताह और अप्रैल के पहले सप्ताह के मध्य होगा।

## डॉक्टर रेप-हत्या मामले में आज फैसला संभव

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में सियालदह कोर्ट शुक्रवार को अपना फैसला सुना सकता है। इस घटना ने पूरे देश और पीड़ित परिवार को झकझोर कर रख दिया है। अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी। उसका शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। इस घटना के बाद, अस्पताल के एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस केस में दो मामले हैं, एक हाईकोर्ट में विचाराधीन है और दूसरा सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किया गया है। शनिवार को आने वाले इस फैसले से न केवल पीड़िता के परिवार, बल्कि न्यायपालिका की निष्पक्षता में विश्वास रखने वाले सभी लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। आरजी कर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उनकी भूमिका पर उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट की भी निगाह रही है। इस फैसले को सुनाने वाले अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बाण दास भी चर्चा का केंद्र बने हुए हैं।

#### परिजनों को न्याय की उम्मीद

मृतक डॉक्टर के पिता ने निष्पक्ष फैसले की उम्मीद जताते हुए कहा कि अदालत द्वारा सभी बातों पर विचार करने के बाद हमें अच्छा फैसला मिलेगा। पीड़ित परिवार ने कहा कि वह अदालत के फैसले के बाद अगर न्याय उनके मुताबिक नहीं हुआ तो वह आगे की अदालतों में अपील करेंगे। डीएनए रिपोर्ट में अन्य लोगों (अन्य आरोपियों) की मौजूदगी की पुष्टि हुई हो चुकी है। पीड़ित डॉक्टर के पिता ने कहा कि हम अपनी बेटी के लिए सच्चा न्याय चाहते हैं। हमें जहां भी जरूरत होगी, हम जायेंगे।

## शिक्षक नियुक्ति में पारा टीचरों को झटका

**रांची।** हाइकोर्ट ने कृष्ण कुमार हलदर की ओर से राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। शुक्रवार को अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देना सही नहीं है। कोर्ट ने उन्हें क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिये जाने और क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा, कुमार पवन और शिवम उत्कर्ष सहाय ने बहस की। जेएसएससी की ओर से संजोय पिपरवाल, राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल साबू ने पक्ष रखा।

**क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट खत्म**



# सेना के अधिकारी ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर(विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त) जीओसी 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली कैंट ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव पर करेगी मंथन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस बजट और नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन करेगी। इसके लिए एक और दो फरवरी को बैठक होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। पार्टी विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्षों के साथ-साथ बोर्ड निगम आयोग के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL**
**NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website: www.netarhatvidyalaya.in

**Advt No.-91 Dated -17.01.2025**
**Expression of interest : Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya.**

Netarhat Vidyalaya , the state government's premier senior secondary school located on a beautiful Netarhat plateau, nearly 160 Km from Ranchi, is widely known for imparting quality education and all around development of the Students Since last 70 years. This school, a residential one, has since been granted autonomy and is being administered by **'Netarhat Vidyalaya Samiti'** a society registered under the societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

**Netarhat Vidyalaya now proposes to Select relevant Contractors having experience for Borewell Drilling for Supply of Drinking Water to 4th grade Quarter at Netarhat Vidyalaya, Netarhat.** EOI are invited from reputed Firm/Agencies/ Individuals etc in respect of the subject matter cited above which shall be in the shape of two bid system – Technical and Financial – to be presented in two separate sealed envelopes by **2.00pm Before 30th January, 2025**. Tender cost is Rs. 2000/- Online through Which has to be paid through Our School website i.e www. netarhatvidyalaya. com.

The following documents need to be submitted along with the tender:-
Technical Bid: (i) PAN Card (ii) GST Registration Paper (iii) GST Return Certificate (iv) Last three year (21-22, 22-23, 23-24) Income Tax Return (v) Experience certificate in the relevant field.
Financial Bid: Best comparative industry rate in the standard format.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
- Cum Member Secretary, Netarhat Vidalaya Samiti

PR.NO.344501 Human Resource Developement(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)
**निविदा सूचना संख्या - 07/2024-25 (1st Call) दिनांक – 16.01.2025**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2025 के अपराहन 2.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.01.2025 के अपराहन 4.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 25.01..2025 के 11.00 बजे पूर्वाहन।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० सं० | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | कुल प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bath Room (Bathing Arrangement With Polythene Sheet Covering, HDP Water Tank and Kachcha Sock Pit with Drain) at Different School in Simdega Distirct. | 1 | 04 अदद | 189600.00 | 3800.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 2 | 30 अदद अस्थायी शौचालय का निर्माण कार्य। | 2 | 30 अदद | 119220.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 3 | Rising & Distribution network with installation of water storage tank capacity 1000 liter of 2 nos. at Govt. Middle School, Parba. | 3 | 01 अदद | 64586.00 | 1300.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 4 | Construction of Tube Well of 125mm x 115 mm dia x 120 mtr. Deep drilled tube well at Govt. Upg. High School, Kewetang | 4 | 01 अदद | 119198.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 5 | Rivival of IM II hand pumps defunct due to their rotten riser pipe by changing all riser pipe at Basic School, Kolebira | 5 | 01 अदद | 16586.00 | 400.00 | 250.00 | 15 दिन |
| 6 | Rising & distribution network & changing of rotten riser pipe of existing tube well at Govt. UPG. High School Paitano. | 6 | 01 अदद | 38993.00 | 800.00 | 250.00 | 15 दिन |

नोट :– 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत निबंधन एवं UCAN तथा GST में Registration अनिवार्य है।
2.परिमाण विपत्र का मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक (जिसका शाखा सिमडेगा जिला में हो) से निर्गत ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा

PR 344505 (Simdega)24-25*D



रजिस्ट्री सं० डी एल०–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**
सी.जी.–डी.एल.–अ.–14012025–260216
CG-DL-E-14012025-260216
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 232] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 13, 2025/पौष 23, 1946
No. 232] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 13, 2025/PAUSHA 23, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2025**

का.आ.234(अ).—केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 2551 तारीख 02/07/2024, जो भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत आरही, भण्डार, गुरी, पण्डवा अचंल अन्तर्गत पण्डवा, गाड़ी खारा, कजरी, बटरारा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला, टिकुलिया, NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "13.07.2024" को "खबर मंत्रा" और "टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH75 के कि.मी. 39.6 से कि.मी. 49.38 (दलाओ पलामू) के गाँवों में अर्थात विश्रामपुर अंचल अन्तर्गत आरही, भण्डार, गुरी, पण्डवा अचंल अन्तर्गत पण्डवा, गाड़ीखास, कजरी, बटसरा एवं मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत सिंगराहा कला, टिकुलिया, जिला–पलामू, झारखंड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।**

[फा.स. NHAI/RO/RNC/JH/LA/3D]
अभय जैन, निदेशक

जिलाः पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 13.01.2025
https://egazette.gov.in/(S(h1x1wpxvjnx1c0rdrjydqwsn))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=57757&file_id=29280


डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ और सड़क में 76 करोड़ खर्च के बाद भी काम शुरू नहीं

# सरायकेला में खरकई डैम और धनबाद में रिंग रोड निर्माण में हस्तक्षेप से हाइकोर्ट का इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दो जनहित याचिका में अपना फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने दोनों ही जनहित याचिका में प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। इनमें से एक जनहित याचिका में प्रार्थी संतोष कुमार सोनी ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में 6 हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए जनहित याचिका दायर की थी। कोर्ट ने इस पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए यह याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी का कहना था कि 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था।

दरअसल, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, ओड़िसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था लेकिन वर्ष 2020 में बिना कारण के इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नयी जगह भी बन चुकी है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना चाहिए था।

## 76 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी धनबाद में रिंग रोड निर्माण शुरू नहीं

दूसरी जनहित याचिका में प्रार्थी अजय नारायण लाल ने धनबाद में वर्ष 2011 में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने का मामला उठाते हुए जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका को भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट को प्रार्थी की ओर से बताया गया कि 16 मई 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना निकाली थी। सरकार की एजेंसी झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार को रिंग रोड बनाने की जिम्मेदारी मिली थी लेकिन रिंग रोड के लिए कोई प्लान नहीं बनाया गया और इसका निर्माण कार्य भी 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुआ। सरकार की ओर से वर्ष 2011 में ही धनबाद के धनसार, झरिया, मनाइटाड़ आदि जगह में लोगों की जमीन ली गयी थी, जिसमें जमीन अधिग्रहण के मद में राज्य सरकार की ओर से 76 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे।

# झामुमो ने तीन जिलों को छोड़कर बूथ स्तर की सभी कमेटियों को किया भंग, संयोजक मंडली का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने तीन जिले दुमका, धनबाद और हजारीबाग को छोड़कर सभी जिलों की बूथ स्तर तक की सभी समितियों को भंग कर दिया है। साथ ही संयोजक मंडली का गठन किया गया है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है संयोजक मंडली के सदस्यों की नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी। मनोनीत संयोजकों को निम्नलिखित निर्देश दिया गया है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्धस्तर पर चलाना सुनिश्चित करेंगे। सदस्यता अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा वरिष्ठ नेताओं से सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी स्तर के नेता एवं कार्यकर्ताओं को शामिल करेंगे।

### पार्टी हित में सदस्यता अभियान को बनाएं सफल

जारी आदेश में कहा गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी हित में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए 45 दिनों के अंदर सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का गठन-पुनर्गठन करने के बाद प्रखंड, नगर और महानगर समितियों के गठन के लिए नामों की अनुसंशा (संपर्क संख्या एवं वाट्सएप संख्या सहित) अनिवार्य रूप से करते हुए केंद्रीय कार्यालय को समर्पित करेंगे।

# सीओ की मनमानी को रोकने के लिए जारी होगा व्हाट्सएप नंबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में सीओ स्तर के अफसरों के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सरकार गंभीर है। राज्य में 20 लाख म्यूटेशन आवेदनों में 10 लाख से अधिक रद्द किए जाने पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने शुक्रवार को चिंता जतायी। उन्होंने सीओ स्तर के अधिकारियों को कार्यशैली बदलने की हिदायत दी। समय पर जमीन से जुड़े मामलों का समाधान नहीं करने वाले गंभीर कार्रवाई को भी तैयार रहें। मंत्री ने कहा कि शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा।

### एसीबी ने पहले ही कर ली है तैयारी

जमीन संबंधी मामलों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने पहले से ही तैयारी कर रखी है। रांची के तत्कालीन सीओ मुंशी राम को एसीबी ने घूस लेते गिरफ्तार किया था, तब डीजीपी और डीजी एसीबी अनुराग गुप्ता ने कहा था कि सीओ रैंक के अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री काफी गंभीर हैं। लोग भ्रष्टाचार की शिकायत कर सकें इसके लिए सभी सीओ कार्यालयों के बाहर एसीबी का नंबर होगा।

# राज्यपाल ने उत्तराखंड से आये युवाओं के साथ किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को उत्तराखंड से आये युवाओं के साथ राज भवन में संवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत, पूरे विश्व में विविधता में एकता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता बताया और कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। उत्तराखंड, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहाँ अपार संभावनायें हैं। उन्होंने आईआईटी धनबाद द्वारा इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहां की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभायें।

# आंदोलनकारियों के गांवों को विकसित करने के लिए सात करोड़ आवंटित : दीपक बिरुवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को परिवहन मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी दीपक बिरुवा से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बजट 2025-26 में झारखंड आंदोलनकारियों के गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की मांग की। परिवहन मंत्री ने कहा कि 7 करोड़ रुपए झारखंड आंदोलनकारियों के अमर पुरोधाओं के गांवों को विकसित करने के लिए कल्याण विभाग की ओर से आवंटित किया जा चुका है। इस बजट में भी सरकार समुचित व्यवस्था करेगी इसकी अतिरिक्त आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान और सम्मान पेंशन के संदर्भ में भी सकारात्मक पहल करेगी।

**आंदोलनकारी के गांव को मॉडल विलेज बनायें : पुष्कर**

मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि झारखंड अलग राज्य, आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद बना है। आंदोलनकारियों के कारण ही आज हम सत्ता में सुशोभित है। आपके माध्यम से मांग करते हैं कि युद्ध स्तर पर झारखंड आंदोलनकारियों के गांव को चिन्हित किया जाए. राज्य सरकार प्रत्येक आंदोलनकारी के गांव को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करें और 5 वर्षों के अंदर दुनिया के समक्ष एक उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ज्ञात हो की झारखंड आंदोलनकारियों ने ही समृद्धशाली झारखंड-खुशहाल झारखंड के लिए संघर्ष किया, अलग पहचान के लिए शहादत दी संघर्ष किया। आंदोलनकारियों के पावन भूमि को, वीर भूमि के रूप में पूजनीय बनाते हुए एक-एक झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान एवं उनके आश्रितों के लिए रोजी- रोजगार एवं नियोजन सुनिश्चित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो, संयोजक डॉ रामनाथ मेहता, सागर महतो, मुरारी पांडेय, संतोष कुमार मेहता शामिल थे।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**
पत्रांक ............ खूँटी, दिनांक ............
**E-Tender Notice**
(Through E-Procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)
Very short E-Tender Reference No. KNP/09/2024-25

1. Details of the work: 3rd Call

| Sl. | Name of work | BOQ (Estimated) Cost (Rs.) | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Scientific dumpsite land reclamation through Bio-mining at Belahathi dumpsite, Khunti. | 1,43,72,553/- | 10,000/- | 2% of Estimated amount | 03 Months |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय : दिनांक 18.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 25.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 27.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न, कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रण करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. ई–मेल पता : npkhunti2006@gmail.com
7. विज्ञापनदाता दूरभाष संख्या : 9931406816

नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरणी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में या वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक,नगर पंचायत, खूँटी।

PR 344461 Urban Development(24-25)D


## खबर एक नजर में

### आरयू के दो शिक्षक परीक्षा संबंधी कार्य से डिबार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा बोर्ड की आपात बैठक शुक्रवार को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीएड के दो शिक्षकों को परीक्षा संबंधी कार्यों से अगले पांच वर्षों के लिए डिबार करने का निर्णय लिया गया। ये शिक्षक विश्वविद्यालय के केंद्रीकृत मूल्यांकन केंद्र से उत्तरपुस्तिका बाहर ले जाते हुए देखे गए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

### रिम्स में आज इएनटी में डॉ विनोद देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स के ईएनटी विभाग की ओपीडी में शनिवार को मरीजों को डॉ विनोद परामर्श देंगे। मेडिसिन में डॉ एमके प्रसाद, ऑर्थो में डॉ जीके गुप्ता, न्यूरो सर्जरी में डॉ आनंद प्रकाश और न्यूरोलॉजी में डॉ सुरेंद्र कुमार मरीजों को परामर्श देंगे।

### डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे को बधाई दी

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने ने कहा यह पुरस्कार न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का पल है।

### जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल आज होगा पूरा

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष अनिल महतो व उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह का कार्यकाल 18 जनवरी को पूरा हो जायेगा। इनकी नियुक्ति वर्ष 2022 में हुई थी। जैक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। परीक्षा से संबंधित सभी गोपनीय कार्य अध्यक्ष द्वारा ही किया जाता है। अध्यक्ष की नियुक्ति में विलंब होने से परीक्षा भी प्रभावित हो सकती है। मालूम हो कि जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा मंत्री को भेजा गया है। दोनों की नियुक्ति प्रक्रिया अगले सप्ताह पूरी हो जाने की संभावना है।

### 22 जनवरी को झारखंड के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**रांची।** झारखंड के सभी 24 जिलों में 22 जनवरी को एक बार फिर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा सभी जिलों के एसएसपी, एसपी को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है, कि जिन स्थानों पर पूर्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसी स्थान पर यह कार्यक्रम करें। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 और 10 सितंबर 2024 को शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है।

सुप्रभात
शनिवार 18.01.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 268
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

# करमदाहा मेला में छाया उत्साह और उमंग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई दिशा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध करमदाहा मेला इस समय चरम पर है। यह मेला न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका है। मेले में प्रतिदिन भारी संख्या में लोग आते हैं। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों को आर्थिक समृद्धि मिल रही है। खास बात यह है कि इस बार मेला डाक के दरों में भी दुगुना इजाफा हुआ है, जिससे प्रशासन और आयोजक दोनों की संतुष्टि बढ़ी है।



**दूर-दराज से सैलानियों का आगमन**

करमदाहा मेला केवल नारायणपुर प्रखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के कई जिलों, जैसे जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, मधुपुर, और यहां तक कि पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और बिहार से भी लोग यहां आ रहे हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला अब अपने चरम पर है।

**ग्रामीण जीवन को मिल रही नई ऊर्जा:** सर्दियों के मौसम में भी मेला क्षेत्र में इतनी अधिक भीड़ हो रही है कि पैदल चलने के लिए भी जगह नहीं मिल रही। चारों ओर उत्साही लोग मेला का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि भीड़-भाड़ के कारण उनके व्यापार में उछाल आया है और वे इस स्थिति के लंबे समय तक बने रहने की उम्मीद कर रहे हैं। मेला कमेटी ने प्रशासन से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।

**राज्य के सबसे बड़े मेला के रूप में उभरा**

करमदाहा मेला झारखंड के सबसे बड़े मेले के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी का कहना है कि यहां सभी प्रकार का सामान उपलब्ध है, जो स्थानीय लोग अपनी बेटियों की शादी के लिए खरीदते हैं। इसके अलावा, यह मेला आसपास के क्षेत्र के व्यापारियों के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर बन चुका है, जो यहां अपने उत्पाद बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

**आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए अवसर**

यह मेला सिर्फ सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण अवसर बन चुका है। जहां एक ओर लोग शादी-ब्याह का सामान खरीदने के लिए यहां आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यापारी भी अपनी सालभर की कमाई का बड़ा हिस्सा इस मेले से प्राप्त करते हैं। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी गति मिल रही है।

# डीवीसी आरटीपीएस की ओर से ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** डीवीसी आरटीपीएस की ओर से ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में बांकुड़ा के संसद अरूप चक्रवर्ती, विधायक एन सी बाउरी बीडीओ, तीन पंचायत समितियों के सभापति, छह ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद थे। वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं एचओपी रवींद्र कुमार सामल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास व स्वरोजगार के लिये मछली पालन व



लड़कियों को सिलाई का प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह ने बैठक का उद्देश्य बताया। सीएसआर गतिविधियों के भविष्य के रोड मैप की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सांसद ने बैठक में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा बहुमूल्य सुझाव दिए।

## स्पीड न्यूज

### शास्त्रीनगर में शहीद महेंद्र सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



गिरिडीह। शास्त्रीनगर में बगोदर के शहीद महेंद्र सिंह के क्रांतिकारी विचारों को सम्मानित करने के लिए भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांडेय और गिरिडीह विधानसभा के कई प्रमुख साथी, जैसे कन्हैया पांडे, मेहताब अली मिर्जा और नवीन पांडे ने शहीद महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। माले नेता राजेश सिन्हा ने शहीद की जीवनी की चर्चा करते हुए कहा कि वह हमेशा दबे-कुचले लोगों की आवाज बने रहे और उनका संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह ने किसान, आदिवासी, और छात्रों के अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाई, खासकर गिरिडीह के बदड़ीहा और तेलोडीह कांड में जब किसी नेता ने जनता का साथ नहीं दिया, तो उन्होंने साहसिक कदम उठाया।

### पुलिस और सीआईएसएफ की छापामारी, कोयला जब्त



झरिया। गुप्त सूचना के अधार पर घनुडीह घटाल पट्टी स्थित बुधवार की देर रात घनुडीह ओपी प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस एवं सीआईएसएफ के अधिकारी ने संयुक्त रूप से छापामारी कर लगभग 70 टन अवैध कोयला जब्त किया। जानकारी मिलते ही झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार भी पहुंचे और अवैध कोयला की जांच पड़ताल कर बीसीसीएल प्रबंधन को सूचना दी। क्षेत्रीय थाना को जब्ती सूची बनाकर मामला दर्ज करने काआदेश दिया। इधर छापामारी की भनक लगते ही कोयला चोर रात में अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। जब्त किया गया कोयला ओपी प्रभारी ने सूची बनाकर बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया।

### अग्निवीर योजना के तहत वायु सेना में भर्ती का रजिस्ट्रेशन 27 तक

धनबाद। अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना भर्ती चाह रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए पंजीकरण, आधिकारिक वेबसाइट पर 27 जनवरी तक करा सकते हैं। वेबसाइट सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहेगी। इस भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 ( दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्मे उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं।

### चौकीदार बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 134 अभ्यर्थी उत्तीर्ण



धनबाद। चौकीदार बहाली की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए दूसरे दिन यानी शुक्रवार को मेमको मोड़ स्थित मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में शारीरिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। 502 सफल अभ्यर्थियों में से 488 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 134 पास हुए। पुरुष अभ्यर्थी की संख्या-100, जबकि महिलाओं की संख्या34 थी। मौके पर एडीएम लॉ एंड आर्डर पियूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नजारत उप समाहर्ता दीपक दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कृषि मेला, प्रदर्शनी सह कृषक गोष्ठी का आयोजन

# किसान पारंपरिक खेती छोड़ नई तकनीक अपनाये : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कई सारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। सभी किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उक्त बातें उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कृषि मेला, प्रदर्शनी सह कृषक गोष्ठी में कहीं।

उपायुक्त ने कहा कि कृषि मेला में किसानों को जागरूक होने का अवसर मिला है। किसान पारंपरिक खेती के स्थान पर नई तकनीक से खेती कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। धनबाद सहित झारखंड में ऐसे कई प्रगतिशील किसान हैं, जो कृषि के साथ पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी में प्रगति कर रहे हैं। ऐसा करने से किसानों को एक फसल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से किसानों के लिए सोइल टेस्टिंग, उत्तम गुणवत्ता का खाद, बीज, कम पानी में फसल उगाने की तकनीक के अलावा अन्य प्रकार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**कृषि के साथ पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी का भी करें काम**




**किसानों को किया गया पुरस्कृत**

प्रदर्शनी में लाल आलू, सफेद आलू, टमाटर, बैंगन, अमरूद, गाजर, फूलगोभी, बंदा गोभी, ब्रोकली, मूली सहित तीस से अधिक प्रकार के कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट फसल प्रदर्शित करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया।

**ये थे उपस्थित**

इस अवसर पर निरसा विधायक अरूप चटर्जी, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, उप प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जहिर आलम, अंचल अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार दुबे, उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, जेएसएलपीएस के डीपीएम कृष्ण रंजन, बीटीएम निर्मल पांडेय के अलावा कृषि विभाग के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

**किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी**

जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम ने केसीसी, कृषि ऋण माफी योजना, पीएम कृषि सम्मान निधि योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, बीज वितरण, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, कृषि पाठशाला, किसान समृद्धि योजना, एग्री स्मार्ट योजना, पीएम कुसुम योजना, सोइल हेल्थ कार्ड, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, बागवानी सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

## एक नजर में

### सड़क पर बिना हेलमेट तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाएं : कुलपति



धनबाद। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। कुलपति ने कहा कि बच्चे सड़क पर बिना हेलमेट तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाए। कहा कि जब हम सुरक्षित रहेंगे तो समाज सुरक्षित रहेगा। कहा कि जो छात्र वाहन चलाते हैं, उनके अभिभावकों को भी इसकी सूचना दी जाएगी, क्योंकि इसके लिए सबसे पहले उन्हीं को जागरूक होना होगा। सड़क सुरक्षा में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार धनंजय कुमार, डीएसडब्लू डॉक्टर पुष्पा कुमार के साथ प्रोफेसर मौजूद थे।

### बीआईटी सिंदरी में 36 घंटे के इनोवाथॉन 2025 का हुआ उद्घाटन



सिंदरी। बीआईटी सिंदरी में 36 घंटे का राष्ट्रीय स्तर का हैकाथॉन इनोवाथॉन 2025 का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यह आयोजन संस्थान के प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आइआइसी 7 के सहयोग से किया गया। इसके संरक्षक संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय और संयोजक विभाग के प्रोफेसर प्रकाश कुमार हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एचयूआरएल सिंदरी के संयंत्र प्रमुख सह उपाध्यक्ष सुरेश प्रमाणिक ने प्रतिभागियों को पारंपरिक विचारों से परे सोचने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा निदेशक आइएएस सुनिल कुमार ने कहा कि ऐसे प्लेटफॉर्म युवा प्रतिभाओं और नवाचार को निखारने के लिए आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि जेयूटी रांची के कुलपति प्रो डी के सिंह ने शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन देश की प्रगति में कैसे योगदान करते हैं। संस्थान के जनरल वार्डन डॉ आर के वर्मा ने भविष्य को आकार देने में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सत्र का समापन इनोवाथॉन के सह संयोजक सह आइआइसी 7 के संयोजक डॉ राहुल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### चिटाही धाम राम मंदिर का वार्षिक उत्सव भव्य रूप से मनाने की तैयारी



कतरास। बाघमारा के चिटाही धाम राम मंदिर का वार्षिक उत्सव भव्य रूप से मनाने के लिये धनबाद सांसद सह चिटाही धाम के संस्थापक ढुल्लू महतो, झरिया की विधायक रागिनी सिंह समेत झरिया के पांचों मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने विचार-विमर्श किया। चार फरवरी को वार्षिक उत्सव के अवसर पर तेलमच्चो दामोदर नदी से कलश यात्रा निकाली निकाली जाएगी। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं को भारी संख्या में जुटाने की तैयारी की जा रही है। 17 किलोमिटर की कलशयात्रा में झांकी के रूप में 30 एरावत 16 ऊंट, 51 घोड़े शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अक्षरा सिंह, पवन सिंह, कुमार बिश्वास जैसे दिग्गज सुपरस्टार को आमंत्रित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री, संजय सेठ, यू पी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी न्योता भेजा गया है। उक्त बातें सांसद ढुल्लू महतो ने बताई। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कार्यालय के समक्ष गोलीबारी मामले पर कहा कि झारखंड सरकार के दबाव में प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। विधानसभा सत्र में बाते रखी जाएंगी और हर हाल में कार्रवाई होगी।

### श्रम विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

धनबाद: प्रवासी मजदूरों के निबंधन को लेकर शुक्रवार को बलियापुर प्रखंड में एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने कहा वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश या देशों में रोजगार की तलाश में जाते हैं, वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान झारखण्ड .जी ओवी .कॉम पोर्टल पर निबंधन कराकर जाएं, ताकि आगे चलकर किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिला कौशल पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत सभी उपयोजना केंद्रों की तथा विभिन्न प्रशिक्षण विषय के बारे में जानकारी दी। प्रखंड के सभी बेरोजगार युवाओं को योजना से जोड़ने में मुखिया एवं पार्षद सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही श्रम विभाग की ओर से चल रही सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल संरक्षण कानून का उलंघन करने वालों की जानकारी टॉल फ्री नंबर 18003456526 एवं 1098 पर देने को कहा गया। मौके पर ब्लॉक के प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य के साथ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# एजेंसी ने किया भुगतान, सिंदरी कॉलेज गेट पर तालाबंदी समाप्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** विगत 15 जनवरी से सिंदरी कॉलेज के मुख्य द्वार पर जारी तालाबंदी शुक्रवार को एजेंसी को भुगतान के साथ समाप्त हो गई। कॉलेज में कार्यरत 12 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को एजेंसी जल्द ही बकाया भुगतान करेगी। इसका समर्थन भाकपा माले कर रही थी। भाकपा माले नेता रोहित महतो ने बताया कि सामंता एजेंसी को बीबीएमकेयू द्वारा भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक का धन्यवाद किया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में कार्यरत सामंता एजेंसी के 12 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का बकाया भुगतान जल्द कर दिया जाएगा। इसके साथ ही आनेवाले समय में उनका वेतन भुगतान जारी रहेगा।

# संविधान विरोधी केंद्र सरकार से मिल कर लड़ना होगा : दीपांकर भट्टाचार्य

**कुमारधुबी।** जुनकुदर सब्जी बाजार में आज शुक्रवार की सुबह भाकपा माले के कार्यालय का उद्घाटन माले के महासचिव दीपांकर व निरसा विधायक अरूप चटर्जी व राज्य सचिव मनोज भक्त ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाकपा माले के कार्यालय का मतलब क्षेत्र के मजदूर-किसान, मेहनतकश आवाम व आम जनता का कार्यालय है। 16 जनवरी को झारखंड के जननायक शहीद महेंद्र सिंह का 20 वां शहादत दिवस मनाया गया और 14 अप्रैल को गुरूदास चटर्जी का 25 वां शहादत दिवस है। संविधान पसंद लोगों की जमात को एकजुट हो कर संविधान विरोधी भाजपा सरकार को कमजोर करने की सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। आरएसएस संविधान को खत्म कर मनुवादी व्यवस्था कायम करना चाहता है, जिसके विरोध में संविधान व लोकतंत्र पसंद जमात को मिलकर मुकाबला करना होगा।

**भाकपा माले कार्यालय का उद्घाटन**



**मौके पर मौजूद थे:** उपेन्द्र सिंह, आगम राम, नागेन्द्र कुमार, कृष्णा सिंह, श्रीकांत सिंह, संतू चटर्जी, कल्याण राय, मानिक गोराई, अभय प्रसाद, संतोष मिश्रा, नागेन्द्र कुशवाहा, असीम घोष, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, लक्ष्मीनारायण दास, विपिना मंडल, संजीत राउत, तपन मलिक, सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, जमाल अंसारी, मनोज महतो, अदि मौजूद थे।

# बगौर सूचना देर रात मकान तोड़ा, विरोध में ग्रामीणों ने काम बंद कराया

**आउटसोर्सिंग कंपनी को दी चेतावनी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुटकी।** देर रात सिंह नेचुरल आउटसोकोर्सिंग कंपनी द्वारा सो रहे परिवारों को बिना कोई सूचना दिए बंगला तोड़े जाने पर ग्रामीणों ने शुक्रवार को आउटसोसोर्सिंग कंपनी का काम करीब सात घंटे बंद कर दिया। वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुटकी गोपालीचक कोलियरी में सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी ने गुरुवार की देर रात करीब दो बजे गोपालीचक नंबर 2 स्थित एक बंगला को बुलडोजर, जेसीबी लगाकर तोड़ा जा रहा था । मकान के अंदर सो रहे करीब 15 परिवार को कोई सूचना नहीं दी गई थी। बंगला मकान में सो रहे परिवार की नींद शोर शराबे से टूट गई। उन्होंने बाहर निकल देखा तो कंपनी के गुर्गे बंगला को तोड़ रहे थे। सभी ने विरोध किया। हल्ला सुन गोपालीचक के ग्रामीण एकत्रित हो गए, जिसे देख आउटसोर्सिंग के लोग भाग खड़े हुए।

सुबह सभी ग्रामीणों ने एक जुट हो कर आउटसोर्सिंग के ट्रांसपोर्टिंग को ठप कर कंपनी मुरादाबाद के नारे लगाए। विरोध में करीब सात घंटे काम बंद किया गया । शुक्रवार को दोपहर करीब 4 बजे त्रिपक्षीय वार्ता के बाद हड़ताल खत्म की गई। वार्ता में ग्रामीणों के अलावा बीसीसीएल के मैनेजर अभिराज कुमार, सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग के श्रीराम पांडेय, पुटकी थाना के एएसआई उपेंद्र यादव, एएसआई अमित कुमार शामिल थे। वार्ता में ग्रामीणों को बताया गया कि दुबारा ऐसी गलती नहीं की जाएगी। विस्थापितों के साथ पहले वार्ता की जाएगी। लखित शनिवार को दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने कहा की बिना किसी सूचना के चोरों की तरह हथियार से लैस दर्जनों बाइक व चार पहिया वाहन से कंपनी के गुंडों द्वारा आधि रात को मकान तोड़े जा रहे थे इस मकान के अंदर करीब 15 परिवार के लोग सो रहे थे। एक बड़ी घटना हो सकती थी। कंपनी अपना कार्य करने के लिए कुछ भी कर सकती है। प्रशासन कंपनी पर कार्रवाई करे। गोपालीचक के ग्रामीण सह ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि कंपनी डीजीएमएस के नियमों के विरोध काम कर रही है ग्रामीणों के अनुसार रात को कंपनी अपना गुंडे ला कर मकान को तोड़ने का प्रयास किया। रात को एक बड़ी घटना हो सकती थी। कंपनी के द्वारा किसी भी प्रकार से पहले सूचना नहीं दिया गया है। सुबह से लेकर दोपहर तक ग्रामीणों ने काम को बंद कर दिया था। देर दोपहर को बीसीसीएल, कंपनी द्वारा ग्रामीणों से वार्ता कर दुबारा ऐसी गलती ना करने की बात कही तक जा कर ग्रामीणों को समझा बुझाकर हड़ताल खत्म कराया गया।

हड़ताल पर सैकडो ग्रामीण सहित बेबी देवी, मिनत पासवान, अंजनी देवी, उमीर्ला देवी, पुनम देवी, सफेड अहमद, कमली देवी, रिजवान खान, सहजाद अंसारी, ऋषि रंजन, मुस्कान खातून, बसंती देवी, जीतेंद्र पासवान, साकित चंद यादव, अनुरुद्ध पासवान, शंकर रवानी, राजेश चौधरी, गुड्ड , मौजूद रहे।

**वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त**



# जमुआ पुलिस ने देसी कट्टा के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र के रंगामाटी गांव में इंद्रदेव वर्मा पर रात के करीब 9 बजे देसी कट्टा के साथ 6 युवकों ने हमला कर दिया था। हालांकि वह बाल बाल बच गए। मामले की सूचना मिलते ही गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने जमुआ थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिया। एसपी से निर्देश मिलते ही जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार दल बल के साथ रंगामाटी गांव पहुंचे और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने जमुआ थाना में प्रेसवार्ता कर बताया कि गिरफ्तार दो युवकों में 19 वर्षीय रितेश पांडेय व 20 वर्षीय अनिमेष पांडेय शामिल हैं। दोनों ही जमुआ थाना क्षेत्र के चुंगलों के रहने वाले हैं। बताया कि दोनों युवकों के पास से एक देसी कट्टा एवं दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि मामले को लेकर इंद्रदेव वर्मा द्वारा जमुआ थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर जमुआ थाना कांड संख्या 3/2025 दिनांक 15/1/2025 के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है। अन्य चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सिंदरी नियोजनालय के रोजगार मेला में 161 युवाओं को मिली नौकरी

## नियोक्ताओं ने स्टॉल लगा कर रिक्तियों, सेवा शर्तों के बारे में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी नियोजनालय द्वारा सिंदरी के रोहड़ाबांध ऑफिसर्स क्लब में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। रोजगार मेला में 17 नियोजकों ने लगभग 1250 आवेदकों का आवेदन प्राप्त किया। इसमें नियोजकों ने 270 आवेदकों को शॉर्ट लिस्ट कर मात्र 161 आवेदकों को चयनित किया। धनबाद नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न रिक्तियों, सेवा शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा कुछ आवेदकों के बीच चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। अंत में नियोजन पदाधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन से मेला समाप्त हुआ।

**ये थे उपस्थित**

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में धनबाद नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार, कुमारधुबी नियोजन पदाधिकारी विनोद कुमार, आईआईटी गोविंदपुर प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, सूरज कुमार, प्रशान्त गोयल, विवेक कुमार साव, संजय कुमार साव, अमित कुमार, राज शेखर कुमार सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

### मेला देखकर घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**जामताड़ा।** गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे में करमदाहा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना शुक्रवार शाम 6:30 बजे की है। युवक करामदा मेला देखकर टुंडी की ओर जा रहा था। तभी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना स्थल पर नारायणपुर पुलिस पहुंची और सामुदायिक स्वास्थ्य नारायणपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। शव को नारायणपुर थाना में रखा गया है।

### भौरा में बहुजन एकता मंच का पांचवां वार्षिक सम्मेलन नौ फरवरी को



**झरिया।** बहुजन एकता मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष रंजीत यादव के आवासीय परिसर में शुक्रवार को मंच के कार्यकारणी सदस्यों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रंजीत यादव ने की। उन्होंने कहा कि मंच का पांचवां वार्षिक सम्मेलन नौ फरवरी को भौंरा मोहलबनी ग्राउंड त्रिलोकी नाथ विद्यालय में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को कहा गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी होंगे। नगर निगम चुनाव में मंच अपना उम्मीदवार उतारेगा और मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। बैठक का संचालन जंगबहादुर जैसवार ने किया। बैठक में मंच के सदस्य मनोज यादव, भगीरथ दास, शिव शंकर प्रसाद, धीरज कर्ण, महेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### कोलियरी कर्मचारी संघ का धरना 28 को

**धनबाद।** बीसीसीएल में कार्यरत श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसंघ) 28 जनवरी से कोयला भवन के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना शुरू करेगा। भामसंघ के महामंत्री धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है। यह जानकारी धकोकसं के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इन सदस्यों को धरना स्थल का चयन, झंडा, बैनर, पंडाल व्यवस्था, माइक बाजा आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी दी गई है।

## उसरी महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम की तैयारी पूरी

# पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य : राजेश सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** उसरी बचाओ अभियान के द्वारा शास्त्री नगर के अमित बरदिया छठ घाट स्थित उसरी नदी तट पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उसरी महोत्सव को लेकर लगभग सारी तैयारियां पूरी हो गई है। शुक्रवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा उसरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। गुरुवार को नदी तट पर राजेश सिन्हा के अलावा मुन्ना कुशवाहा, नुरुल होदा, नौशाद आलम, अमित कुमार, गोपाल दास भदानी, अरुण कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिन्हा, रंजन बरदियार, विकास कुमार, आलोक मिश्रा, निशांत भास्कर, पन्ना दास, विक्रम लहरी, बिपिन अग्रवाल सहित अन्य सदस्य महोत्सव की तैयारी में लगे हुए थे। अभियान के संयोजक राजेश सिन्हा सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि उसरी महोत्सव मनाने का मुख्य कारण गिरिडीह वासियों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाना है। कहा कि उसरी नदी जीवन दायिनी है। बावजूद गंदे नाले का पानी, बिना टेंडर के रात भर बालू उठाव, उसरी का अतिक्रमण, ॉनदी में गोबर की भरमार, नदी तट में खुले में शौच एक बड़ी समस्या, नदी के तट पर रात्रि कालीन नशा खोरी सहित अन्य कार्योंसे प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को उसरी नदी के प्रति जागरूक होना जरूरी है।

बताया कि महोत्सव के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, स्पीच, पेंटिंग, मेहंदी, बालू में क्रिकेट, फुटबॉल सहित प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

**एक नजर में**

### गर्मी से पहले विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी में करें पेयजल की व्यवस्था : डीसी



**धनबाद।** समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी समिति के साथ बैठक की। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में बुनियादी संरचना दुरुस्त करने के साथ गर्मी से पहले विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी में शत प्रतिशत पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा समग्र शिक्षा अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा उपायुक्त ने सबलपुर में ओल्ड एज होम में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, सचिव जिला साक्षरता वाहिनी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, शिक्षक प्रतिनिधि हरेन्द्र गुप्ता, बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ का वनभोज सह मिलन समारोह



**महुदा।** तेलमोचो दामोदर नदी किनारे खेलाचंडी प्रांगण में बाघमारा मुखिया संघ के मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। सांसद ढुल्लू महतो, विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए। पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो ने कहा कि पंचायत में योजना के शिलापट्ट में मुखिया का नाम होना चाहिए। मुखियों ने कहा कि डीएमएफटी का फंड डायरेक्ट मुखिया को पंचायत में मिलना चाहिए। राज्य और केंद्र में अलग अलग पार्टी की सरकार रहने के कारण हम सभी मुखिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मुखिया के कार्य क्षेत्र में किसी का दखल ना हो। पंचायत में विधायक, सांसद, सीएसआर आदि फंड लाया जाय, ताकि पंचायत का ज्यादा से ज्यादा विकास हो सके। अध्यक्ष रिंकू देवी ने कहा कि बाघमारा विधायक से सभी मुखिया का उम्मीद है कि उनकी मांग को पूरा करेंगे। विधायक शत्रुघ्न महतो ने सभी को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितनी उम्मीद की है उससे ज्यादा विकास का कार्य करूंगा। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि आप लोगों के बीच रहकर बहुत खुश हूं। हम धनबाद के सांसद रहकर बाघमारा में आपके बीच भी आपके हर सुख दु:ख में आपके साथ हैं। लोगों से 4 फरवरी को चिटाहीधाममहायज्ञ में शामिल होने की भी अपील की।

### आवास का ताला तोड़कर चोरों ने की ढाई लाख की संपत्ति की चोरी

**मैथन।** मैथन ओपी क्षेत्र तेतुलडांगा गांव के समीप डीवीसी के सेवानिवृत कर्मी ददन मिश्रा के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने उनके घर से करीब ढाई लाख की संपत्ति चोरी कर ली है। इसकी शिकायत ददन मिश्रा ने गुरुवार की देर शाम को मैथन पुलिस से की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह निजी काम से अपने आवास में ताला बंद कर मैथन से बाहर गए हुए थे। इस दौरान पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनके घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। वह मैथन पहुंचे। घर में प्रवेश किया तो पाया कि अलमीरा तोड़कर चोरों ने पायल, अंगूठी, कानबाली, चेन, सिल्क की साड़ी सहित करीब ढाई लाख रुपए की संपत्ति चोरी हो गई है। मैथन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल, दो रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शाम 6:30 बजे की है। केंदुआ निवासी मकसूद अंसारी, करमुद्दीन अंसारी एवं जियाउल अंसारी मोटरसाइकिल से करमदाहा मेला देखकर वापस घर केंदुआ आ रहे थे। तभी बीच में एक टोटो आ जाने के कारण दोनों में टक्कर हो गई और मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि टोटो में बैठे कुछ लोग भी घायल हुए हैं। मोटरसाइकिल सवार तीनों युवकों को स्थानीय ग्रामीणों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया।

# एशियन जालान अस्पताल में मरीज के परिजनों ने किया जमकर हंगामा

## लापरवाही व दुर्व्यवहार का आरोप लगा कर जताया आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** एशियन जालान अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आठ जनवरी कोहाउसिंग कॉलोनी निवासी निर्दोष जैन को परिजनो ने गले में कैंसर के इलाज के लिए भर्ती कराया था। मरीज की स्थिति गंभीर होने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। शुक्रवार की सुबह जब परिजन मरीज का हाल चाल जानने पहुंचे तो डाक्टरों ने मरीज को दिया जाने वाला इंजेक्शन नहीं होने की बात बताई। परिजनों ने जब वही इंजेशन बाहर से ला कर देने को कहा तो अस्पताल कर्मियों ने मना कर दिया।

मैनेजमेंट से बात की गयी तो बाहरी दवा का इस्तेमाल करने से मना कर दिया। परिजन ने नाराजगी जताई तो मरीज कोअस्पताल से निकाले जाने की धमकी दी गयी। इसके बाद परिजनों ने जम कर हंगामा करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। परिजन मैनेजमेंट के व्यवहार को लेकर काफी आक्रोशित दिखे।

# कराहती मानवता के साथ खड़ा होना ही सच्ची धार्मिकता : सुधांशु शेखर झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन क्षेत्र के आदिवासी बहुल गांव पोड़ाडीह में शुक्रवार को कुमार्या फाउंडेशन द्वारा गरीब आदिवासियों के बीच कंबल बांटा गया। कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस सह इंटक के वरिष्ठ नेता सुधांशु शेखर झा ने कहा कि कुमार्या फांउडेशन गरीब गुरबों के साथ खड़ा होकर जिस तरह कार्य कर रहा है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि कराह रही मानवता के साथ खड़ा होना ही सच्चे अर्थों में धार्मिकता है। राहुल गांधी के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि आदिवासी कौम ही इस धरती के मूलवासी हैं और आज उन्हीं के बीच कंबल वितरण समारोह में आकर वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री झा ने कहा कि पोड़ाडीह, टुनाघुटु, बरमुड़ी इन आदिवासी गांव में आकर उन्हें बराबर लगता है कि वे अपने घर में हैं। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह पूर्व की भांति हर वक्त उनके सुख दुख में उनके साथ हैं। कंबल वितरण समारोह में ग्रामीणों के अलावा आदिवासी ग्रामीण बेरोजगार सहकारी सहयोग समिति अध्यक्ष लखीराम टुडु, सुरेश मरांडी, विनय मरांडी, सिमल टुडु आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के सौजन्य से कंबल वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के निर्देशानुसार बढ़ती ठंड को देखते हुए शुक्रवार को झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में वार्ड नंबर 44 के बालूगद्दा में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर रविंद्र यादव, अशोक सिंह, भूपेंद्र यादव, दीपक यादव, सरल यादव, शिवा भुइयां, भीम निषाद, पवन सिंह, काली चौहान, मिथलेश यादव, गुड्डू राम आदि मौजूद थे।

### मयंक तोमर को डीएसडब्ल्यू ने क्विज में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया प्रशस्ति पत्र



धनबाद। बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी ने 38वें एआईयू ईस्ट जोन युवा महोत्सव में ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया। इस महोत्सव में कुल 18 विश्वविद्यालय ने भाग लिया था। इसमें बीबीएमकेयू गुरुनानक कालेज के छात्र छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी (क्विज) इवेंट में चौथा स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को उसी क्रम में बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी में डीएसडबल्यू पुष्पा कुमारी ने मयंक तोमर को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं शुभकामनाएं व आशीष दिया। पिछले दिनों पांचवां अंतरनाद 2024 महाविद्यालय महोत्सव गुरु नानक कॉलेज में आयोजित किया गया था, जिसमें ओवरऑल चैंपियन गुरु नानक कॉलेज प्रथम स्थान पर रहा। शानदार प्रदर्शन करने वाले मयंक तोमर ने कहा था कि गुरु नानक कॉलेज की टीम 38 वें ईस्ट जोन यूथ फेस्ट में टीम मेहनत कर शानदार प्रदर्शन करेगी। जो आज सच साबित हुआ। शुक्रवार को कॉलेज में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने के उपरांत मयंक तोमर ने कहा कि गुरु नानक कॉलेज क्विज टीम का शानदार प्रदर्शन आगे भी प्रतियोगिताओं में जारी रहेगा।

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड का जिला के वयस्कों को नहीं मिल रहा फायदा

**सिंदरी।** केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वय से जारी आयुष्मान वय वंदना कार्ड का फायदा धनबाद जिला के वयस्कों को नहीं मिल रहा है। इस मामले को लेकर ऑल इंडिया एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने राज्य स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखकर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष या उससे अधिक के वयस्कों को सरकारी व निजी अस्पतालों में 5 लाख तक नि:शुल्क इलाज आयुष्मान वय वंदना कार्ड से किया जाना है। आयुष्मान कार्ड से इलाजरत लोगों को सरकारी अस्पताल में दवा की अनुपलब्धता के कारण बाहर से दवाओं की खरीदारी करनी पड़ रही है। वहीं निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड संबंधित रोगियों का इलाज करने से साफ इनकार कर रहे हैं। ऐसे में धनबाद जिला में आयुष्मान वय वंदना कार्ड से वयस्क नागरिकों का इलाज कैसे संभव है। उन्होंने सचिव से आग्रह कर इसपर अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

# न्यू बरगंडा दुर्गा माता बालिका मध्य विद्यालय में हुई खेलकूद प्रतियोगितता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** शहर के न्यू बरगंडा स्थित दुर्गा माता बालिका मध्य विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि के रूप में शारदेश्वरी आश्रम की अध्यक्ष माधुरी पुरी देवी उपस्थित थी। इस मौके पर कई प्रतियोगिताओं में स्कूल की बच्चियों के अलावा शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम तक की छात्राओं ने भाग लिया। बाल रेस प्रतियोगिता वर्ग प्रथम की मनीषा कुमारी प्रथम, श्रृष्टि कुमारी द्वितीय और भूमि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि पांचवी वर्ग की विनीता कुमारी प्रथम, निशु द्वितीय और माही कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चम्मच रेस प्रतियोगिता में वर्ग द्वितीय की गायत्री प्रथम, ज्योति द्वितीय और वैशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित प्रतियोगिता में वर्ग तृतीय की स्मिता ने प्रथम, इशिता ने द्वितीय और माही भगत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुई धागा प्रतियोगिता में वर्ग चतुर्थ की आरती कुमारी प्रथम, आराधना कुमारी द्वितीय और सोनाक्षी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉपी रेस प्रतियोगिता में वर्ग छह की नेहा कुमारी प्रथम, साक्षी कुमारी द्वितीय और अनुष्का कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में वर्ग सातवीं की संध्या प्रथम, ज्योति और रिमझिम द्वितीय तथा अनुष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लेमन रेस में वर्ग आठवीं की ज्योति ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय और तानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शिक्षिकाओं के बीच भी मोमबत्ती रेस का आयोजन किया गया जिसमें लिना सिन्हा प्रथम, बबीता सिन्हा द्वितीय और सरिता गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों के बीच मुख्य अतिथि के अलावा प्राधानाध्यापिका बसंती पुरी देवी ने पुरस्कारं का वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षिका आशा सहाय, रेखा तर्वे, रंजु देवी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

सांसद व विधायक को आवेदन सौंप सर्वे पर रोक लगाने का करेंगे मांग

# दुमका : कोल ब्लॉक के विरोध में फिर ग्रामीण हुए गोलबंद

## तीस गांवों के ग्रामीणों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



कोल ब्लॉक के विरोध में बैठक करते ग्रामीण।

**काठीकुंड।** उपराजधानी दुमका जिला के काठीकुड प्रखंड के बड़ा चापुड़िया पंचायत अंतर्गत छोटा भुईभंगा गांव में शुक्रवार को बड़ा चापुड़िया पंचायत के रैयतों ने कोल ब्लॉक के विरोध में बैठक की। जिसमें 30 गांव में कोल ब्लाक सर्वे और कोयला खदान के विरोध में रैयतों ने बैठक में शामिल हुए। जिसमें सभी गांवों के रैयत उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी गांवों में कोल ब्लॉक सर्वे और कोयला खदान के खिलाफ ग्राम सभा का गठन कर सशक्त किया जायेगा। बैठक में लोकसभा सांसद, विधायक और जिला प्रशासन को आवेदन देकर कोल ब्लॉक सर्वे को रोकने की मांग करेंगे। जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से विभिन्न गांव मे चले रहें ड्रोन सर्वे के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद हो चुके हैं। अब बड़ा चापुड़िया पंचायत के किसी भी गांव में किसी अनजान व्यक्ति का प्रवेश ग्रामसभा के द्वारा रोकने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार ड्रोन सर्वे में ,पचवाड़ा साउथ कोल ब्लॉक नेवली उत्तर प्रदेश पॉवर लिमिटेड द्वारा पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत निर्धारित शर्तों के अनुपालन करते हुए गोपीकांदर प्रखंड के मोहुलडाबर, कुंडापहाड़ी और चिरुडीह गांवों में स्थित पचूवाड़ा साउथ कोल ब्लॉक परियोजना स्थल के 10 किलोमीटर दायरे में स्टेज एक नामक एक अध्ययन कर रहा है। अध्ययन में एक व्यापक जलग्रहण, क्षेत्र उपचार योजना,मृदा एवं नमी संरक्षण योजना तैयार करने के लिए उन्नत एलवआईवडीवएवआरव तकनीक (ड्रोन सर्वेक्षण) का उपयोग करके डिजिटल एलिवेशन मॉडल (डीव ईव एमव) तैयार करना शामिल है। क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद योजनाओं को परियोजना की लागत से वन विभाग द्वारा लागू किया जा सके। योजनाओं का उद्देश्य परियोजना स्थल से 10 किलोमीटर दायरे में आने वाले सभी गांवों को लाभान्वित करना है। बताया कि,यह पहल क्षेत्र मे जल संसाधनों जैसे नाला, तालाब आदि के विकास का समर्थन करेगी। वनस्पति आवरण को बढ़ाएगी और प्रभावी मृदा नमी संरक्षण सुनिश्चित करेगी। जिससे क्षेत्र को पारिस्थितिक और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान होगा।

# बोकारो पुलिस ने शुरू की फुटपाथ पर रहने वालों की जांच-पड़ताल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर बोकारो पुलिस द्वारा नई पहल की शुरुआत की जा रही है। इस के तहत रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों में रहने वाले फुटपाथी लोगों की जांच बोकारो थर्मल थाना की पुलिस ने शुरू कर दिया है। बोकारो थर्मल में कई ऐसे अंजान देखे जा रहे है, जो रेलवे स्टेशन सहित अन्य चौक चौराहों सहित धार्मिक स्थलों को अपना आशियाना बना लिए है। जिसका पहचान करने के उद्देश्य से पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस संबंध में बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने 16 जनवरी को बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में रह रहे संदिग्ध व अजनबी जो चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर दूसरे राज्य व जिला फरार हो जाते है, वैसे आपराधिक तत्वों की भी पहचान इस अभियान से हो सकेगी। इस जांच अभियान से घुसपैठियों की भी पहचान होगी। अभियान में पुअनि एके मेहता सहित पुलिस बल शामिल थे।

# बोकारो : वेदांता ईएसएल ने आस-पास के गांवों में चलाया पौध वितरण अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल ने अपने संयंत्र के आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर पौधा वितरण का अभियान चलाया। वेदांता ईएसएल द्वारा पर्यावरण विभाग के साथ साझेदारी में पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत सीएसआर संचालित गांवों में स्थानीय निवासियों को आम केला अमरूद आंवला और कटहल के 4000 से अधिक फलदार पेड़ वितरित किया गया। अभियान का उद्देश्य हरित आवरण में सुधार और जैव विविधता का समर्थन करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह ग्रामीणों के लिए पोषण और संभावित आजीविका के अवसरों का एक स्थायी स्रोत प्रदान करना चाहता है जो उनके समग्र कल्याण और आर्थिक स्थिरता में योगदान देता है। इस पहल में स्थानीय निवासियों सामुदायिक नेताओं और फैक्ट्री कर्मचारियों के साथ-साथ पंचायती राज संस्थानों की भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि हमारा मिशन स्टील उत्पादन से आगे तक फैला हुआ है। हम पर्यावरण और उन समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं जिनमें हम काम करते हैं। वेदांता स्थिरता और सामुदायिक कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर शीतल सिंह मुखिया पूर्वी मोहल ने कहा कि यह पौधा वितरण अभियान वेदांता ईएसएल की सीएसआर पहलों का हिस्सा है जो अपने परिचालन के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# बोकारो डीसी ने की जिला समन्वय समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में संपन्न जिला समन्वय समिति की बैठक में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी सभी बीडीओ/सीओ आदि की उपस्थिति में डीसी विजया जाधव ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता से जानकारी ली। अध्ययनरत छात्राओं के आवेदन प्रपत्र में अंतर के मुद्दे पर उपायुक्त ने डीओ जगरनाथ लोहरा से 6371 अंतर के आवेदनों को बैठक कर समाधान करने को कहा। डीसी ने विकास योजनाओं की समीक्षा एसडीओ चास-बेरमो को अपने स्तर पर भी नियमित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कल्याण विभाग की प्री पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान के संबंध में पत्राचार करने एवं छात्राओं का बैंक खाता आधार लिंक नहीं होने पर बैंकों से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया।

# दुमका: वायुसेना अग्निपथ को लेकर हुआ कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिले के एसपी कॉलेज, एएन. कॉलेज एवं संत जेवियर्स कॉलेज में वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में वायुसेना के चयन अधिकारी केवी रेड्डी एवं राजेश कुमार ने छात्रों को बताया कि भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 7 जनवरी को आधिकारिक वेबसाइट खुली है। जो की अब सुबह 11 से 27 जनवरी रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉगिन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस भर्ती में 1 जनवरी से 2025 एवं 1 जुलाई 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। अविवाहित ऐसे महिला और पुरुष जो भारत का नागरिक हो। उसकी आयु साढ़े 17 से 21 वर्ष तक, लम्बाई 152 सेमी एवं शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, आईटीआई अथवा किसी भी विषय में डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंक एवं इंग्लिश में 50 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हो, वैसे अभ्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा।

## दुमका : नैक की तैयारियों को लेकर एसकेएमयू प्रशासन ने की बैठक

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के सभागार में नैक की तैयारियों को लेकर बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने की। नैक की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई। उक्त बैठक में नैक के मद्देनजर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना व सुविधाओं के समग्र विकास को जानने के लिए नैक के सभी सात मापदंडों पर चर्चा की गई। आइक्यूएसी समन्वयक डॉ नीलेश कुमार ने नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुधारों की ओर सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि विवि नैक द्वारा लागू की जाने वाली नई बाइनरी नैक मान्यता प्रणाली का इंतजार कर रहा है। बैठक में अब्दुस सत्तार, डॉ संजय सिन्हा, डॉ एसएन अधिकारी, डॉ संजीव सिन्हा, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ बिनोद मुर्मू, डॉ राजेश यादव, अमिता, आनंद गुटगुटिया आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### 12 वर्षीय बच्ची की सेफ्टी टैंक में गिरने से हुई मौत

बेरमो। बोकारो जिले के कथारा स्थित रविदास टोला में गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना घटी। जहां एक 12 वर्षीय बच्ची की सेफ्टी टैंक में गिरने से हादसे की शिकार हो गई। बच्ची की पहचान राधा कुमारी के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी रमेश कुमार शर्मा की बड़ी बेटी थी। राधा, कथारा मिडिल स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा थी। राधा गुरुवार की शाम को घर के पीछे सीम तोड़ने गई थी, जब उसका पैर फिसल गया और वह खुले सेफ्टी टैंक में गिर गई। परिवार और आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। कथारा ओपी के थाना प्रभारी राजेश प्रजापति तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्ची को कथारा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉ एमएन राम ने उसे मृत घोषित कर दिया। राधा परिवार की बड़ी बेटी थी और पढ़ाई में काफी होनहार मानी जाती थी। यह घटना क्षेत्र में खुले सेफ्टी टैंकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है।

### बोकारो संयंत्र के डीआइ बीके तिवारी ने की स्वदेशी अपनाने की अपील



बोकारो। स्थानीय सेक्टर-4 स्थित मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित दस-दिवसीय 22वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में तिवारी ने युवाओं से स्वदेशी के प्रति संवेदनशील होने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें पुनः विश्वगुरु बनना है तो अपने जीवन में स्वदेशी को अपनाना होगा। वहीं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सह संघर्ष वाहिनी प्रमुख वंदेशंकर सिंह ने कहा कि हमारी विचारधारा कोई भी हो राष्ट्र की उन्नति के लिए स्वदेशी बेहद जरूरी है। क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने भी स्वदेशी के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत कोष प्रमुख विष्णु कुमार सिंह ने किया। मंच संचालन प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी दीपक ने किया। जबकि स्वागत एवं विषय प्रवेश मेला संयोजक बृजेश कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विवेकानंद झा अशोक रंजन किशोर कुमार बोराल विनोद चौधरी सुरेश कुमार सिन्हा राकेश रंजन प्रेम प्रकाश अवधेश कुमार मनीष श्रीवास्तव अमरजी सिन्हा सौरभ जायसवाल कुमार संजय सुजीत श्रीवास्तव संजय कुमार दीपक कुमार पूनम सिन्हा अनुजा सिंह मनोरमा चौधरी राधा सिंह नीलम सिंह नूतन वर्मा आशा सिन्हा रीता सिन्हा आदि की भूमिका रही।

### बीओआई ने एनपीए ऋण धारक किसानों हेतु शुरू की एकमुश्त समझौता योजना

बोकारो। बैंक ऑफ इंडिया बोकारो अंचल द्वारा एक साल से पुराने एनपीए केसीसी खाता में 70 से 90 प्रतिशत तक की छूट बैंक की एकमुश्त समझौता योजना के तहत किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक की ओर से सभी एनपीए ऋण धारक किसानों से आह्वान किया गया है कि अपने नजदीकी बीओआई शाखा में जाकर पुराने केसीसी ऋण को एकमुश्त समझौता योजना के तहत चुकाकर ऋण मुक्त हो जाएं। बैंक पुनः किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार नए केसीसी दो लाख रुपये तक बिना किसी बंधक के उपलब्ध करा रही है जो केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ब्याज छूट के तहत उपलब्ध हो सकता है यदि किसान अपने केसीसी खाते को सुचारू रूप से चलाते हैं यानि प्रत्येक वर्ष खाते को एक दिन के लिए केसीसी के तहत ली गई मूल राशि एवं ब्याज को चुकाते हुए खाते को शून्य करते हैं।

### बेरमो : नहीं बचाई जा सकी फूलकुमारी की जान



बेरमो। लगभग आठ दिनों के जद्दोजहद के बाद आखिरकार फूलकुमारी उर्फ मंगरी ने दम तोड़ दी। उसे बचाने में लगे कथारा ओपी प्रभारी सहित स्वयंसेवी संस्था माहेर तथा मिशन ऑफ लाइफ की कोशिशें अंततः बेकार रहा। जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के कथारा 4 नंबर स्थित नव प्राथमिक विद्यालय के बंद पड़े जर्जर स्कूल परिसर से बीते 8 जनवरी को सूचना के बाद कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति, ओपी के सहायक अवर निरीक्षक कृष्णा नंद पाठक, सअनि गुप्तेश्वर पांडेय आदि द्वारा मंगरी को जिर्ण अवस्था में उठा कर सीसीएल के कथारा क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया गया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो के निर्देश पर स्वयं सेवी संस्था माहेर तथा कथारा के मिशन ऑफ लाइफ के संस्थापक सुनीता सिंह तथा अध्यक्ष मनोज सिंह के साथ संस्था के सदस्य रौशन कुमार, उत्तम चौबे बोड़िया दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद, समाजसेवी संतोष सिंह के सहयोग से उसे सीएचसी गोमिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया गया। जहां 16 जनवरी की अहले सुबह मंगरी ने अंतिम सांस ली। बताते चलें कि मृतका कथारा के उक्त स्थान पर अकेले ही जीवन व्यतीत कर रही थी। अथक प्रयास के बाद मृतका मंगरी के दूर के रिश्तेदार बिनेसर चौहान से संपर्क कर मामले की जानकारी दी गई। बिनेसर ने चास पहुंच कर पुलिस के पंचनामे के बाद चास के गर्गा पुल किनारे श्मशान में महिला का अंतिम संस्कार किया।

### महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक के पुत्र का निधन

बेरमो। बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र में कार्यरत महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक विपिन कुमार के पुत्र विशाल कुमार का 16 जनवरी की संध्या निधन हो गया। मृतक मात्र 22 वर्ष का था, तथा बचपन से हीं दिमागी विकृति का शिकार था। जीएम के पुत्र की निधन की सूचना पाकर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा, बीएंडके के महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक जयशंकर प्रसाद सहित अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य जन उनके कथारा ऑफिसर कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

70वीं औपबंधिक सूची
जिला-गुमला (पार्ट-1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अब्दुल सब्बीर एवं विजय कच्छप द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0-884/24 2. आवेदक-देवकुमार राम , पिता-स्व0 पिताम्बर राम<br>3. ग्राम-कामडारा, पोस्ट-कामडारा, थाना-कामडारा, प्रखण्ड-कामडारा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0-885/24 2. आवेदक-कमल साहु , पिता-दसरू साहु<br>3. ग्राम-ईचागुटू, पोस्ट-कुरकुरा, थाना-कुरकुरा, प्रखण्ड-कामडारा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महेन्द्र उराँव एवं अजीत कु0 विश्वकर्मा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0-886/24 2. नाम-साझो देवी , पति-सोमनाथ सिंह<br>3. ग्राम-जरजाटा, पोस्ट-रायडीह, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0-887/24 2. नाम-छड़िया देवी , पति-स्व0 बुधु भगत<br>3. ग्राम-जरजाटा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0-888/24 2. नाम-गोपाल सिंह , पिता -स्व0 रैग सिंह<br>3. ग्राम-जरजाटा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0-889/24 2. नाम-रामेश्वर खड़िया , पिता -मंगता खड़िया<br>3. ग्राम-सलकाया, पोस्ट- सलकाया, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0-890/24 2. नाम-मिखाईल एकका , पिता -स्व0 मार्टिन एकका<br>3. ग्राम-तुलमुगा डुमर टोली, पोस्ट- सुरसांग, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0-891/24 2. नाम-चिन्तामणी देवी , पति-स्व0 गोपाल मुण्डा<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0-892/24 2. नाम-पूनम बेक , पति-प्रीतम कुजूर<br>3. ग्राम- मांझाटोली, पोस्ट- मांझाटोली, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-गले में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0-893/24 2. नाम- प्रीतम कुजूर, पिता -रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम- मांझाटोली, पोस्ट- मांझाटोली, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरुष , आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0-894/24 2. नाम-जानकी देवी , पति-चन्द्रमोहन सिंह<br>3. ग्राम- मसरीबेरा जरजहा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0-895/24 2. नाम- मुनी देवी, पति -रामेश्वर खड़िया<br>3. ग्राम-सलकाया, पोस्ट- सलकाया, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- महिला, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0-896/24 2. नाम-आशा देवी , पति-बैसाखू लोहरा<br>3. ग्राम- जरजहा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0-897/24 2. नाम-मोहन राय सिंह , पिता -स्व0 भागीरथ सिंह<br>3. ग्राम- तेतर कोथा जरजहा, पोस्ट- रायडीह, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें पांव में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0-898/24 2. नाम-चुनु घासी , पिता -हरिभजन घासी<br>3. ग्राम- जरजहा, पोस्ट- बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0-899/24 2. नाम-ज्योति प्रकाश लकड़ा , पिता -स्व0 जसमन लकड़ा<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट- बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0-900/24 2. नाम- चन्द्र मोहन सिंह , पिता -स्व0 हरखनाथ सिंह<br>3. ग्राम- मसरीबेड़ा, पोस्ट- बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0-901/24 2. नाम-सुषमा मिंज , पति-स्व0 विजय मिंज<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0-902/24 2. नाम-बिरसा खड़िया , पिता -स्व0 किरन खड़िया<br>3. ग्राम- सनजोरी जरजहा, पोस्ट- बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0-903/24 2. नाम- सुदर्शन कुजूर, पिता -रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट- बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरुष , आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह- पिछले पीठ में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0-904/24 2. नाम-शंति कुजूर , पति--रूबेन कुजूर<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-74 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0-905/24 2. नाम- रवि बाबु सिंह , पिता -मोधो राम सिंह<br>3. ग्राम- मुरली बगीचा गुमला, पोस्ट- गुमला, थाना- गुमला ,प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0-906/24 2. नाम-कुंज बिहारी लाल साहु, पिता -स्व धर्मजय लाल साहु<br>3. ग्राम-जवाहर नगर डी0 एस0 पी रोड गुमला, पोस्ट-गुमला,थाना-गुमला ,प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0-907/24 2. नाम-शोभा सरोज लकड़ा , पति -ज्योति प्रकाश लकड़ा<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0-908/24 2. नाम- रन्थु साहु , पिता -स्व0 दिलमोहन साहु<br>3. ग्राम- पोटरो पोस्ट- सिसई, थाना- सिसई ,प्रखण्ड- सिसई<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह- दायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0-909/24 2. नाम- प्रेम सागर साहु , पिता -स्व0 चन्द्रर साहु<br>3. ग्राम- पोटरो पोस्ट- समरौली थाना- सिसई ,प्रखण्ड- सिसई<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0-910/24 2. नाम-सरस्वती देवी , पति -स्व0 टीबरा साहु<br>3. ग्राम- अम्बोबा, पोस्ट-भरनो, थाना- भरनो,प्रखण्ड- भरनो<br>4. लिंग-महिला, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें गाल में काला तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0-911/24 2. नाम- विजय टोप्पो पिता - रिमिस टोप्पो<br>3. ग्राम- रेगोला, पोस्ट- सुरसांग, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरुष , आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0-912/24 2. नाम-सुषमा टोप्पो , पति -विनोद टोप्पो<br>3. ग्राम- बिरकेरा, पोस्ट-बिरकेरा, थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग-महिला, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0- 2. नाम-सुकरू टाना भगत, पिता-स्व0 सकरा टाना भगत<br>3. ग्राम-अटरिया, पोस्ट-फोरी, थाना- गुमला ,प्रखण्ड- गुमला<br>4. लिंग- पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुनील कुमार भगत, महेश कुमार धान एवं अजीत कु0 विश्वकर्मा के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0-913/24 2. नाम-विजय कुमार भगत पिता-स्व0 पुथु भगत<br>3. ग्राम-डाढहा, पोस्ट-सकरौली, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-पुरुष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0-914/24 2. नाम-मुनिता देवी , पति-लक्ष्मण साहु<br>3. ग्राम-रेड़वा , पोस्ट-मुर्गू , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0-915/24 2. नाम-लक्ष्मण साहु , पिता-स्व0 जगरनाथ साहु<br>3. ग्राम-रेड़वा , पोस्ट-मुर्गू , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुजात टोप्पो के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | | |
| 34. | 1. आवेदन क्र0-916/24 2. आवेदक-प्रदीप उराँव , पिता-स्व0 गन्दिरा उराँव<br>3. ग्राम-उपर खटगा, पोस्ट-काबाटोली ,थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष ,आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका-2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0-917/24 2. आवेदक-रिमोन केरकेट्टा , पिता-इसाक केरकेट्टा<br>3. ग्राम-जादि जमगाई, पोस्ट-कांसिर ,थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष ,आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ पर में कट मार्क का दाग । | कंडिका-2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0-918/24 2. आवेदक-जयमान केरकेट्टा , पिता-इसाक केरकेट्टा<br>3. ग्राम-जादि जमगाई, पोस्ट-कांसिर ,थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष ,आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ पैर में घाव का दाग । | कंडिका-2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0-919/24 2. आवेदक-सुखराम उराँव , पिता-स्व0 गन्दिरा उराँव<br>3. ग्राम-उपर खंटगा कोबीटोली, पोस्ट- लुरू ,थाना- रायडीह ,प्रखण्ड- रायडीह<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-77 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0-920/24 2. आवेदक-जगरानी मिंज , पिता-सुशिल केरकेट्टा<br>3. ग्राम-भीखमपुर, पोस्ट- भीखमपुर ,थाना- जारी ,प्रखण्ड- जारी<br>4. लिंग- महिला , आयु-42वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का दाग । | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जितवाहन साहु एवं बैरागी उरांव के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 39. | 1. आवेदन क्र0-921/24 2. आवेदक-राजेन्द्र साहु , पिता-स्व0 जयगोविन्द साहु<br>3. ग्राम-सकरौली, डाड़हा, पोस्ट-सकरौली, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर के घुटना में चोट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0-922/24 2. आवेदक-लक्ष्मी साहु , पिता-जितू साहु<br>3. ग्राम-नागफेनी, पोस्ट-नागफेनी, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने आंख के पास घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0-923/24 2. आवेदक-विष्णु साहु , पिता-जितू साहु<br>3. ग्राम-नागफेनी, पोस्ट-नागफेनी, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ के अंगुठे में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0-924/24 2. आवेदक-जितेश्वर उरांव , पिता-स्व0 विशुन उरांव<br>3. ग्राम-मुर्गू पतराटोली, पोस्ट-मुर्गू, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0-925/24 2. आवेदक-शंकर पाहन , पिता-गखुल पाहन<br>3. ग्राम-मुर्गू , पोस्ट-मुर्गू, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0-926/24 2. आवेदक-फागु उराँव , पिता-भौवला उराँव<br>3. ग्राम-अम्बोवा , पोस्ट-अम्बोवा, थाना-भरनो , प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0-927/24 2. आवेदक-दुष्यन्त कुमार साहु , पिता-शिवटहल साहु<br>3. ग्राम-कोड़ेदाग , पोस्ट-कोड़ेदाग, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घाव का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0-928/24 2. नाम-नीलम देवी , पति -राजेन्द्र साहु<br>3. ग्राम- सकरौली, पोस्ट-सकरौली, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें पैर पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0-929/24 2. नाम-फ्लोरेंस देवी , पति -फागु उराँव<br>3. ग्राम-कोड़ेदाग , पोस्ट-कोड़ेदाग, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में कटा हुआ निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0-930/24 2. नाम-लालवती देवी , पति -दुष्यन्त कुमार साहु<br>3. ग्राम-अम्बोवा , पोस्ट-अम्बोवा, थाना-भरनो , प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग-महिला, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0-978/24 2. नाम-मंगरी उराँव , पति -शनिचरवा उराँव<br>3. ग्राम-डाड़हा करजटोली , पोस्ट-सकरौली, थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह- दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजीत कु0 विश्वकर्मा, बेरनार्ड टोप्पो एवं मनोज वर्मा के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 50. | 1. आवेदन क्र0-931/24 2. आवेदक-जनवरी उराँव , पति-स्व0 रामकिशुन उराँव<br>3. ग्राम-सिसई , पोस्ट-सिसई , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में घाव का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0-932/24 2. आवेदक-फ्लोरेंस देवी , पति-फागु उराँव<br>3. ग्राम-कोडेदाग , पोस्ट-शिवनायपुर , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना आँख के नीचे घाव का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0-933/24 2. आवेदक-रेखा देवी , पति-स्व0 काली चरण महली<br>3. ग्राम-भुरसो , पोस्ट-भुरसो , थाना-पुसो (सिसई) , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में जला हुआ दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0-934/24 2. आवेदक-फागु उराँव , पिता-भउला उराँव<br>3. ग्राम-कोड़ेदाग , पोस्ट-शिवनायपुर , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में घाव का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0-935/24 2. आवेदक-ललिता उराँव , पति-बसन्त उराँव<br>3. ग्राम-बरगाँव सड़क टोली , पोस्ट-बरगाँव दक्षिणी , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे में तिल का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0-936/24 2. आवेदक-बिश्वासी बेक , पति-अबतार बेक<br>3. ग्राम-सियांग , पोस्ट-शिवनायपुर , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-महिला , आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में घाव चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0-937/24 2. आवेदक-बुधराम उराँव , पिता-भवला उराँव<br>3. ग्राम-कोड़ेदाग , पोस्ट-शिवनायपुर , थाना-सिसई , प्रखण्ड-सिसई<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में घाव का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0-4074/24 2. आवेदक-सुनिता तिर्की , पति-स्व0 एडवर्ड तिर्की<br>3. ग्राम-मानगढ़ , पोस्ट-लोंहडी , थाना-चौपारण , प्रखण्ड-चौपारण<br>4. लिंग-महिला , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाएं हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुनीत उराँव एवं नीलू देवी के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 58. | 1. आवेदन क्र0-938/24 2. आवेदक-सुकरा उराँव , पिता-स्व0 एता उराँव<br>3. ग्राम-गढवाली पोखरा टोली, पोस्ट-सिसई ,थाना- सिसई ,प्रखण्ड- सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका-2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0-939/24 2. आवेदक-गांगी उराईन पति-स्व0 जगदेव उराँव<br>3. ग्राम-सुपामहुवा टोली , पोस्ट-सूपापबेया थाना-भरनो, प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग-महिला , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0-940/24 2. आवेदक-गन्दुरा मुण्डा, पिता-स्व0 हन्दु मुण्डा<br>3. ग्राम-भरनो बोडोटोली , पोस्ट-भरनो, थाना-भरनो, प्रखण्ड-भरनो<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह- बायें हाथ में तिक का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0-941/24 2. आवेदक-गोपाल उराँव , पिता-तुरिया उराँव<br>3. ग्राम-अराको सेमर टोली, पोस्ट-सिसई ,थाना- सिसई ,प्रखण्ड- सिसई<br>4. लिंग- पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का दाग । | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | PR 344508 (Home) 24-25 (D) | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# श्रीलंका- चीन संबंध

चीनी प्रेसिडेंट श्रीलंका के दौर पर रहे। इस दौरे में चीनी रिसर्च जहाज को श्रीलंका इजाजत देना और बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) समेत कई अन्य मुद्दों पर बात होगी। इस बातचीत में हंबनटोटा के दक्षिणी बंदरगाह के आसपास के चीनी औद्योगिक क्षेत्र को। लेकर भी चर्चा होगी। इस मसले पर चीन के शीर्ष अधिकारी किन बोयोंग ने हाल में कहा था कि चीन की कंपनियां हंबनटोटा में बिजनेस शुरू करने का इंतजार कर रही है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके एक महीने में दूसरी बार चीन दौरे पर पहुंचे है। इस बैठक में दिसानायके का चीन के उच्च नेतृत्व से मिलने के साथ राजनीतिक शख्सियतों से भी मिलने का कार्यक्रम है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरे के जरिये चीन और श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों को और गहराई मिलेगी। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से दिसानायक की यह दूसरी विदेश यात्रा है। सबसे पहले उन्होंने भारत की यात्रा की थी। चीन के अपने दौरे के दौरान दिसानायक राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ दोनों देशों के आपसी हितों के संबंध में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे तथा चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग एवं चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरे में चीनी रिसर्च जहाज को इजाजत देना और बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) समेत कई अन्य मुद्दों पर बात होगी। इस बातचीत में हंबनटोटा के दक्षिणी बंदरगाह के आसपास के चीनी औद्योगिक क्षेत्र को। लेकर भी चर्चा होगी। इस मसले पर चीन के शीर्ष अधिकारी किन बोयोंग ने हाल में कहा था कि चीन की कंपनियां हंबनटोटा में बिजनेस शुरू करने का इंतजार कर रही है। एक महीने पहले दिसंबर में ही दिसानायके ने भारत का दौरा किया था भारत के खिलाफ उसकी नीतियां नहीं होगी।

## कार्टून वर्ल्ड







**मेष : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8**

**वृष : स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9**

**मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8**

**कर्क : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7**

**सिंह :शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6**

**कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9**

**तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक: लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7**

**धनु : जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7**

**मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7**

**कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8**

**मीन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8**

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

**दुनिया** को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं।

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा



तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक



-ललित गर्ग

तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन

> अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती।

समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है। धरती पर मंडराते इसी संकट का प्रतीक है यह आग। बात बहुत ही सीधी सी है कि जब तक प्रकृति डराती नहीं विकास की राहें ऐसे ही बेतहाशा एवं अनियंत्रित आगे बढ़ती रहती हैं।

## लेटर टू एडिटर

### दलबदल पर अंकुश

**हिमाचल** प्रदेश में अब पार्टी बदलने वाले विधायकों को पेंशन नहीं मिलेगी। दल बदलने वालों पर शिकंजा कसते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने नया कानून बनाने का निर्णय लिया है। विधायकों की पेंशन बंद करने वाला हिमाचल पहला राज्य होगा। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत किसी भी विधायक को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा, जिससे इसे एक अच्छे और समझदार कानून की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह कदम बेहद जरूरी था,

**– मोहन सिंह, हजारीबाग**

### बाहर का खाना

**बढ़ती** व्यस्तताओं और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण लोग घर के पौष्टिक भोजन के बजाय ऑनलाइन ऑर्डर करके पैक्ड भोजन चुनने लगे हैं। यह भोजन जिन पैकेजिंग सामग्रियों से आता है, पैक्ड भोजन शुद्धता और पौष्टिकता में घर के भोजन का मुकाबला नहीं कर सकता। घर का बना भोजन ही सर्वोत्तम विकल्प है। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**सम्पूर्ण** विश्व भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक आभा, दिव्य जीवन मूल्यों, योग, आयुर्वेद, सूचना-संचार की अप्रतिम तकनीक और आर्थिक प्रगति से चकित है। भारत की सुदृढ़ लोकतान्त्रिक व्यवस्था और प्राच्य-आर्ष विद्या अर्थात अध्यात्म सम्पदा की स्वीकार्यता व अनुसरण का भाव नित्य गतिमान है।परोक्ष-अपरोक्ष रूप से भारत अब सम्पूर्ण विश्व को दिशा और दृष्टि प्रदान करने के लिए सक्षम है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'स्टार्टअप इंडिया' पहल ने देश की उद्यमशीलता को नए आयाम देते हुए युवाओं एवं मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाया है।

**– योगी आदित्यनाथ**

# देश की अर्थव्यवस्था के उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी

**रमेश चंदर चंद**

आर्थिक

**विकास** में कृषि की भूमिका संबंधी तमाम दस्तावेजों से स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में ढांचागत बदलाव मुख्य तौर पर अर्थव्यवस्था के उत्पादन में कृषि की घटती हिस्सेदारी को दशार्ता है। साथ ही अर्थव्यवस्था के निम्न आय से मध्य एवं उच्च आय की ओर रुख करने के साथ ही इसकी रोजगार में हिस्सेदारी में गिरावट का भी पता चलता है। इसी आधार पर वृद्धि एवं विकास के लिए बनाई जा रही नीतियों में भी अब गैर कृषि क्षेत्रों, विशेषकर विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है।

इस विचार की जड़ ब्रिटिश अर्थशास्त्री आर्थर लुईस (1954) के काम में दिखती है। उन्होंने आर्थिक विकास का वर्णन वृद्धि की उस प्रक्रिया के तौर पर किया है जिसके तहत संसाधन कम उत्पादकता एवं पारंपरिक तकनीक वाले कृषि क्षेत्र से अधिक उत्पादकता वाले आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित होते हैं। यह सिद्धांत आर्थिक विकास में कृषि की काफी निष्क्रिय भूमिका बताता है, लेकिन औद्योगीकरण का समर्थन करने वाले कई विकासशील देश बड़े पैमाने पर अपने उद्योगों को सहारा देने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। हरित क्रांति के बाद विकास के लुईस मॉडल की कुछ धारणाओं का खंडन किया गया। पहले, हरित क्रांति से पता चला कि प्रौद्योगिकी कृषि को आधुनिक बनाने और उद्योग की कल्पना के अनुसार अधिशेष पैदा करने में महती भूमिका निभा सकती है। दूसरा, खेती में श्रम की असीमित आपूर्ति की धारणा भी अब मान्य नहीं रही है। इन बदलावों का कृषि अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था में आर्थिक बदलाव के मॉडल पर असर पड़ता है।

हालिया अनुभव

विकासशील और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के मामले में बीते तीन से चार दशकों का अनुभव दशार्ता है कि कार्यबल को कृषि से स्थानांतरित करने की प्रक्रिया काफी धीमी है और ये सुचारु भी नहीं है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी कृषि की हिस्सेदारी में काफी तेजी से गिरावट देखी जा रही है जबकि रोजगार हिस्सेदारी में काफी कम गिरावट आई है।

यह आर्थिक बदलाव एवं विकास के विभिन्न चरणों में बड़ी संख्या में देशों के अनुभव से देखने को मिलता है। उदाहरण के तौर पर सन् 1991 से 2021 के बीच तीन दशकों के दौरान प्रति व्यक्ति जीडीपी (साल 2015 में डॉलर में मापा गया) चीन में 10 गुना से ज्यादा, वियतनाम में 4.8 गुना, भारत में 3.4 गुना और इंडोनेशिया में 2.4 गुना बढ़ गया। मगर इससे कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों में श्रम उत्पादकता (प्रति श्रमिक सकल मूल्य वर्धित) पर असर नहीं पड़ा।

इन चार उभरते देशों में कृषि एवं गैर गैर कृषि के बीच प्रति कर्मचारी उत्पादकता अथवा आय में सबसे ज्यादा असमानता चीन में देखने को मिली, जहां बीते तीन दशकों में प्रति व्यक्ति आय और विनिर्माण उत्पादन में काफी ज्यादा वृद्धि दर्ज किया गया है। चीन में खेती करने वाला श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय का सिर्फ एक चौथाई ही कमा पाता है। भारत और वियतनाम में भी चीन जैसी ही स्थिति है, लेकिन इंडोनेशिया में कम असमानता है। इन अनुभवों से पता चलता है कि गैर कृषि अथवा तथाकथित आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में तेज वृद्धि से कृषि कार्यबल में कोई भारी बदलाव नहीं हुआ है। नतीजतन, रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी अर्थव्यवस्था के उत्पादन अथवा आय में इसकी हिस्सेदारी से बहुत ज्यादा रही। ये चीन में तीन गुना, भारत और वियतनाम में ढाई गुना तथा इंडोनेशिया में दोगुना से अधिक रही।

ढांचागत बदलाव के पारंपरिक मॉडल के कुछ अन्य विरोधाभास भी हैं। जैसे- पहला, दक्षिण अफ्रीका में प्रति व्यक्ति आय और विकास के काफी उच्च स्तर पर प्रति कामगार आय में सर्वाधिक असमानता भी दशार्ता है। वहां का एक कृषि श्रमिक गैर कृषि श्रमिक की आय के दसवें हिस्से से भी कम कमाता है। दूसरा, कुल सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की हिस्सेदारी ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे कुछ देशों में और पूरे विश्व में हाल के समय में बढ़ी है।

इससे यह भी स्पष्ट होता है कि विनिर्माण और गैर कृषि गतिविधियों की ओर ढांचागत बदलाव सभी क्षेत्रों में उत्पादकता में व्यापक अंतर और कृषि में कम आय को पूरी तरह ठीक करते हैं। यह लुईस मॉल और इस मॉडल पर आधारित आर्थिक विकास के सिद्धांतों के ठीक उलट है। इसका बड़ा कारण विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से नौकरियां पैदा नहीं हो पा रही हैं।

# संभल मामले में योगी की नयी टिप्पणी से समाज में समरसता पर असर

**प्रकाश वत्स**

सामयिक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार चैनल के मंच से कहा है कि अगर धर्मग्रंथों और पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि संभल में कल्कि को समर्पित हरिहर मंदिर शाही जामा मस्जिद के निर्माण से पहले मौजूद था।

मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से चंडीगढ़ में भाजपा की चुनावी धांधली बेनकाबहर कदम संभल कर उठाया जाए

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार चैनल के मंच से कहा है कि अगर धर्मग्रंथों और पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि संभल में कल्कि को समर्पित हरिहर मंदिर शाही जामा मस्जिद के निर्माण से पहले मौजूद था, तो मुस्लिम समुदाय को इस मुगलकालीन मस्जिद को सम्मानजनक तरीके से हिंदुओं को सौंप देना चाहिए, श्री योगी ने संभल की शाही जामा मस्जिद के संदर्भ में यह भी कहा कि किसी को 'किसी भी विवादित ढांचे' को मस्जिद के रूप में संदर्भित नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी की ये टिप्पणियां दिसंबर 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पृष्ठभूमि में आई हैं, जिसमें देश की अदालतों को अन्य धार्मिक स्थानों पर दावा करने वाले किसी भी नए मुकदमे को दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस बयान से ऐसा लगता है मानो योगी आदित्यनाथ अब अल्पसंख्यकों को सीधे-सीधे चेतावनी दे रहे हैं। हालांकि वे पहले भी उग्र हिंदुत्व के पक्ष में झुके हुए बयान दे चुके हैं और उनके बुलडोजर न्याय को भाजपा में इतना पसंद किया गया कि अनेक राज्यों में उसका अनुसरण किया गया। प्रसंगवश बता दें कि बुलडोजर न्याय पर भी सुप्रीम कोर्ट सख्त टिप्पणी कर चुका है। लेकिन बुलडोजर न्याय के बाद अब श्री योगी संभवतः यह भी तय करने लगे हैं कि मुसलमान किस ढांचे को मस्जिद मानें और किसे नहीं। मुख्यमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह के बयान देना न केवल संविधान की भावना के विपरीत है. बल्कि पद की गरिमा भी इससे घटती है, क्योंकि वे ऐसा कहकर एक समुदाय विशेष के साथ खड़े हो रहे हैं तथा दूसरे समुदाय के विरूद्ध बयान दे रहे हैं। हालांकि इस बारे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर निचले क्रम के कार्यकताओं का हाल एक जैसा ही है। प्रधानमंत्री पद हो, मुख्यमंत्री का पद हो या सांसद या विधायक, भाजपा की हिंदूवादी राजनीति हर ओहदे पर भारी पड़ जाती है।

मुख्यमंत्री योगी ने 'हर विवादित ढांचे को मस्जिद कहना ठीक नहीं है।' जैसा बयान देश भर में अनेक मंदिरों व मस्जिदों को लेकर हो रहे विवादों के परिप्रेक्ष्य में दिया है लेकिन इसमें हिन्दू-मुस्लिम दोनों के लिये स्पष्ट संदेश हैं। आगे वे कहते हैं कि 'जिस दिन उन्हें मस्जिद कहना बन्द कर दिया जायेगा, तो लोग उनमें जाना भी छोड़ देंगे।' उन्होंने अपने बयान को न्यायसंगत बतलाने के लिये दो-तीन तर्क दिये। पहला तो यह कि 'ऐसे स्थानों पर की जाने वाली इबादत को खुदा भी स्वीकार नहीं करेगा।' यानी वे कहना चाहते हैं कि किसी भी विवादग्रस्त ढांचे में नमाज पढ़ी भी जाये तो उसका कोई उपयोग नहीं है। आदित्यनाथ ने दूसरी जो बात कही वह अल्पसंख्यकों के मन में और भी खौफ पैदा कर सकती है। उन्होंने एक तरह से मस्जिदों की उपयोगिता और अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिये तथा यह भी बताया कि तमाम मस्जिदें निरर्थक हैं तथा ढांचे तो केवल सनातन धर्म यानी हिन्दुओं को ही चाहिये। उनका आशय यह था कि ढांचे के बिना भी मुसलमान उपासना कर सकते हैं। यानी मुस्लिम कहीं भी नमाज पढ़ सकते हैं जबकि हिन्दुओं को कोई स्ट्रक्चर अनिवार्यतः चाहिये ही होता है।

ध्यान से देखें तो यह बयान बहुत ही खतरनाक है तथा एक वर्ग विशेष में उन्माद की नयी लहर पैदा कर सकता है। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी, उसके सहयोगी संगठनों तथा छिटपुट समूहों द्वारा देश भर में मंदिर-मस्जिद के विवाद खड़े किये जा रहे हैं। आये दिन किसी न किसी शहर की मस्जिद के सामने या भीतर उपद्रव हो रहे हैं या फिर कभी इस मस्जिद की खुदाई की मांग हो रही है तो कभी उस मस्जिद के भीतर हिन्दू देवी-देवता होने के दावे सामने आते हैं। इन सबके कारण अक्सर विवाद हिंसक रूप ले रहे हैं। योगी के अपने राज्य के संभल में इसी के चलते लगी आग अब तक पूरी तरह से ठंडी नहीं हो पायी है कि राज्य के मुखिया नये सिरे से उसी आग को भड़काने में लगे हैं। अब की यह आग उनके राज्य में सीमित न रहकर देश भर में फैल सकती है।

मुख्यमंत्री योगी ने 14 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ में मुसलमान दुकानदारों द्वारा दुकानें न लगाने देने की बात को एक तरह से यह कहकर स्वीकार कर लिया कि 'वहां कुछ लोग कुत्सित मानसिकता के साथ आते हैं। उनके साथ अन्य तरह का व्यवहार हो सकता है। ऐसे लोगों को आना ही क्यों चाहिये? जिनके मन में भारत व भारतीयता के प्रति आदर है वे ही यहां आएं।'

योगी जिस पद पर बैठे हैं उनका दायित्व सभी को सुरक्षा देना तथा संवैधानिक नियम-कानूनों का पालन करना-कराना है। इसके विपरीत यह बयान एक वर्ग को डराना तथा दूसरे वर्ग (कानून तोड़ने वालों) को भड़काना और उसे अपने संरक्षण की गारंटी देना है।संभल के बाबत भी उन्होंने दावा किया कि वहां हरि विष्णु मंदिर था जिसे तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई है। ऐसा दावा करते हुए योगी ने कहा कि अकबर द्वारा लिखित आइन-ए-अकबरी (वर्ष 1526) में इस बात का उल्लेख है तथा शास्त्रीय प्रमाण उपलब्ध हैं। एक मुख्यमंत्री द्वारा निर्णय तक पहुंचना कतई उचित नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह मामला न्यायाधीन है। उनके द्वारा ऐसा कहना एक समुदाय को सीधा समर्थन देने जैसा है।

## स्पीड न्यूज

### केज कल्चर परियोजना का निरीक्षण



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के परित्यक्त आरा कोल खदान में संचालित केज कल्चर परियोजना का निरीक्षण हिमाचल प्रदेश के निदेशक मत्स्यपालन विवेक चंदेल ने किया। उनके साथ सहायक निदेशक मत्स्यपालन रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी डॉ. अरूप चौधरी, मुख्य अनुदेशक डॉ. प्रशांत कुमार दीपक, मत्स्य कृषक शशि कुमार एवं उनके सहयोगी और अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे। यह परियोजना राज्य योजना और डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) फंड के तहत संचालित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य परित्यक्त जलक्षेत्रों का उपयोग करके मछली उत्पादन बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। निदेशक ने केज कल्चर की प्रक्रिया, रखरखाव, संचालन, और मछलियों के विपणन (बिक्री) से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### रामगढ़ में फरार अपराधी गिरफ्तार



रामगढ़। बीएनएस के अपहरणकर्ता प्राथमिकी अभियुक्त तौसीफ जावेद, पिता जावेद इजहार, पता कल्लू चौक, थाना लोहसिंघना , जिला हजारीबाग को चतरा जिला स्थित शीला पिकेट चेकनाका पोस्ट से गिरफ्तार किया गया। यह अभियुक्त घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था । गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

### स्पेस लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या बढ़ी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड प्लोर पर अवस्थित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति विद्यार्थियों की विश्वास इस कदर बढ़ा है कि मात्र डेढ माह में ही अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या 150 हो गई। बच्चों की बढ़ती संख्या से गदगद संस्था के निदेशक आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा ने कहा कि बच्चों की कामयाबी में सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्था को खोलने का उद्देश्य ही बच्चों के सफलता की उड़ान में पंख लगाना है। आशीष कुमार ने बताया कि लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए मैग्जीन, न्यूज पेपर, विभिन्न प्रकार के किताब, इंटरनेट आदि की सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के पढ़ाई से संबंधित हर जरूरतों का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर पठन-पाठन के लिए संस्था प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाते रहेगा। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है। कहा गया कि विद्यार्थियों की संतुष्टि ही हमारे संस्था उद्देश्य है। यहां पर अध्ययरत विद्यार्थी भी यह समझ चुके हैं कि जीवन में सफलता पानी हो तो सेफ्ट स्टडी जरूरी है।

### सुंदरनगर पंचायत में कंबल वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए सुंदरनगर पंचायत में गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर अपर दर्जनों जरूरतमंद, असहाय व वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण करते हुए सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन्हें कंबल नहीं मिल पाया है उनके बीच भी जल्द से जल्द कंबल का वितरण कर ठंड से राहत पहुंचाई जाएगी। मौके पर पंचायत सचिव पूजा कुमारी, पंसस रोहित सोनी, वार्ड सदस्य आरती देवी, शबनम खान, शकुंतला देवी, हेलन मिंज ,सुनैना देवी, राहुल सोरेन आदि मौजूद थे।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में गुरूवार को वरिष्ठ नागरिक मंच की 20वीं बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष बृजलाल सिन्हा और संचालन आरपी राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रविशंकर भट्टाचार्य और राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन संघ के रामगढ़ जिले के कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय उपस्थित थे। बैठक में मंच में और लोगों को जोड़ने और एकजुटता बनाये रखने पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र के सभी प्रदेशों में संचालित वरिष्ठ नागरिक संघ के उद्देश्य और वरिष्ठ नागरिकों के शक्ति और क्षमता से अवगत कराया गया। इस दौरान संगठन की मजबूती और वरिष्ठ नागरिक मंच का वर्षगांठ 18 फरवरी 2025 को मानने का निर्णय लिया गया। साथ ही महीने में दो बार बैठक करने पर सहमति जताई गई। मंच की अगली बैठक 30 जनवरी को पंचायत भवन भुरकुंडा में करने की बात कही गई। बताया गया कि अभी तक 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिक संघ से जुड़ चुके हैं। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं जैसे रेल किराए में पूर्व से मिलने वाले 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की छूट को पुनः लागू कराने, बैंक, थाना, हॉस्पिटल, कोर्ट, यात्राओं की सुविधा, पूजा स्थलों और उनके घरों की समस्याओं का निराकरण करना के लिए सार्थक कदम उठाने की बात कही गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा समाज के विकास में योगदान देने, गरीब बच्चो की शिक्षा, महिलाओं को सम्मान देने, जागरूकता फैलाने, गरीब और शिक्षित बच्चो को रोजगार के प्रति प्रेरित करने, नगरों के सौंदरीकरण के लिए कार्य करने की भी बात कही गई।

# जीवन है अनमोल, जागरूकता से ही होगी सुरक्षा: एसपी

- बगैर हेलमेट के चलने वाले बाइक वालों को दिया गया हेलमेट व गुलाब का फूल
- रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सरकार द्वारा 1 से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष चौक के समीप जागरूकता सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविरि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा एवं संचालन डॉ संजय सिंह ने किया। अपने स्वागत भाषण में टैक्सी मेंस यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटना गढ़ गई है। जिससे कई लोगों की असयम मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सड़क दुर्घटनएं रूकें और लोगों की जान बचे। इसलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एसपी अजय कुमार ने कहा सड़क सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है लोग उसके साथ चलें और यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है इसलिए वाहन चलाते समय चार पहिया वाले सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन वाले हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। एसपी ने कहा कि आज जो जापान, जर्मनी, अमेरिका, इंगलैंउ जैसे देश विकास के शिखर पर पहुंचे हैं तो उसका कारण है उन देशों के नागरिक अपने सरकार द्वारा बनाये गये नियमों का सख्ती के साथ पालन करते हैं। इसलिए हमारे देश के नागरिकों को भी अपनी सोच को विकसित करने और सरकार द्वारा उनके हित में बनाये गए कानूनों और नियमों का पालन करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के हित में ही कानून और नियम बनाती है। जिनका पालन करना लोगों के लिए लाभदायक होता है। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रमों में हमने देखा है कि कई बाइकों पर एक परिवार के 4 लोग तक सवार होकर बगैर हेलमेट के चल रहे हैं। कहा कि इस प्रकार बाइक चलाने वाले स्वयं के साथ साथ अपने परिवार के लोगों की जान को भी जोखिम में डालने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि जनवरी में सड़क जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसलिए प्रशासन की ओर से वाहन चालकों को अभी समझाने और जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि जागरूकता अभियान समाप्त होने के बाद नियम विव्रूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**यातायात नियमों का पालन समय की मांग है :** मनीषा वत्स ने कहा कि सड़क अभियान सरकार के निर्देश पर 1 से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है। कहा कि इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों के जीवन की रक्षा करना है।

कार्यक्रम में हजारीबाग क्षेत्रीय प्राधिकार के सचिव विजय कुमार, यातायात थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, प्रसिद्ध समाज सेवी समाज सेवी अरूण कुमार सिन्हा, बीएफसीएल के मैनेजर राकेश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता मौजूद थे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

# विष्णुगढ़ में रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**अबुआ आवास के लिए दीपक दास ने महिला से मांगा था 11 हजार रुपये**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव दीपक दास को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दीपक दास पर आरोप है कि वह अबुआ आवास योजना की तीसरी किस्त जारी करने के लिए लाभुक से घूस की मांग कर रहा था।

यह मामला ग्राम कारगालो, थाना विष्णुगढ़ का है, जहां चमेली देवी नामक महिला को अबुआ आवास योजना के तहत लाभ मिला था। उन्हें पहले ही दो किस्तों में 80,000 रुपये प्राप्त हो चुके थे, लेकिन तीसरी किस्त जारी करने के लिए पंचायत सचिव ने 11,000 रुपये की रिश्वत मांगी। दीपक दास ने धमकी दी थी कि जब तक घूस की रकम नहीं दी जाएगी, तब तक तीसरी किस्त जारी नहीं होगी। चमेली देवी ने घूस देने के बजाय साहसिक कदम उठाते हुए एसीबी को इसकी सूचना दी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने दीपक दास को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह वर्ष 2025 का पहला ट्रैप मामला है। गिरफ्तारी के बाद पंचायत सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हाल ही में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आदेश दिया था कि पंचायत सचिव अबुआ आवास के जियो टैग का कार्य करेंगे। इस घटना से पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी और भ्रष्टाचार के मामलों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए इस तरह की कार्रवाई को एक अहम कदम माना जा रहा है।

### कोनरा पंचायत भवन में ऋण शिविर आज

**बरही।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को कोनरा पंचायत भवन में केसीसी ऋण चुकाओ और ऋण पाओ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी शाखा प्रबंधक आकाश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वैसे किसान जो किसी कारण वश अपना केसीसी ऋण चुकता नहीं कर सके है और उनका एनपीए हो चुका है। वह इस शिविर का लाभ ले सकते है। शिविर में ऐसे किसानों को उनके बकाए राशि का 70 से 90 फीसदी रुपए तक की छूट दी जाएगी। उन्हे नया केसीसी ऋण मिलेगा। उन्होंने कहा यह शिविर अन्य सभी शिविरों से अलग और विशेष है। इस शिविर में क्षेत्रीय कार्यालय से कई बड़े अधिकारियों का भी आगमन हो रहा है, जो शिविर को और अत्यधिक महत्वपूर्ण बना रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में ऋण वसूली के साथ ही इच्छुक किसान को नया ऋण के लिए आवेदन कर सकते है। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो जायेगा, जो पूरे दिन रहेगा। शिविर सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी, बीसी और कर्मी पूरे लगन के साथ कार्य कर रहे हैं।

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी : रत्नेश

**एस्पायर कोचिंग सेंटर में टेस्ट सीरीज शुरू , 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के बैच की क्लासेस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। टेस्ट में आरआरबी, एनटीपीसी और एसएससी जीडी परीक्षा के पैटर्न पर प्रश्न पूछे गए। इसके तहत आरआरबी एनटीपीसी का 100 प्रश्न और एसएससी जीडी से संबंधित 80 प्रश्न शामिल परीक्षा में शामिल किये गये थे। मौके पर संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि यह टेस्ट सीरीज विद्यार्थियों की सफलता में मिल का पत्थर साबित होगा। शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगन और कठिन परिश्रम से किया गया कार्य कभी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण का तैयारी करेंगे तो एक न एक दिन जरुर सफल होंगे। निदेशक श्री कुमार ने प्रतियोगिता छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता ही संस्था की पहचान है। संस्था के शिक्षकों ने बताया कि 27 जनवरी से एनटीपीसी और आरआरबी ग्रुप डी के नये बैच की क्लासेस शुरू होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक विद्यार्थी संस्था से संपर्क कर नामांकन करा सकते हैं। टेस्ट परीक्षा को सफल बनाने में शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संजीत कुमार, नीतीश मिश्रा, सचिन कुमार, विक्रांत कुमार, सुमित कुमार, राहुल कुमार आदि का योगदान रहा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च और सभा 20 जनवरी को

**बरही।** बरही हाउस में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की, जबकि संचालन का दायित्व कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने निभाया। बैठक में कांग्रेस नेता और पूर्व बरही विधानसभा प्रत्याशी अरुण साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर जोर देते हुए इसे बाबा साहब के योगदान को स्मरण करने और संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 जनवरी को भामाशाह स्कूल से बाराटांड़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक एक भव्य सम्मान मार्च निकाला जाएगा। इसके उपरांत प्रतिमा स्थल पर एक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के साथ प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेता और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। अरुण साहू ने कहा कि यह सम्मान मार्च और सभा न केवल डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा के प्रति जनता को जागरूक करने का भी एक प्रयास होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियां साझा कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सभा मेंसामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से भी बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल दारू में खेलकूद प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खेलकूद से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास : जितेंद्र भूषण**



**दारू।** गुरुवार को ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू ने अपना 19वां स्थापना दिवस सह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता भव्य तरीके से मनाया। विद्यालय का उद्घाटन 16 जनवरी 2006 को ब्रज किशोर जायसवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता, फ्रॉग रेस, कलर रेस, चम्मच रेस, बैलून रेस, कुर्सी रेस, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, मैथ रेस, इंग्लिश प्रतियोगिता, और अन्य रोमांचक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और ऊर्जा से सबको प्रभावित किया। विद्यालय के निदेशक श्री बजरंग सहाय ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, यह जीवन निर्माण और भविष्य को उज्ज्वल बनाने का माध्यम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं, बल्कि बच्चों को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाना है। प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र भूषण ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क का विकास करता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक संतुलन और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण लाने का माध्यम भी है। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक बजरंग सहाय, प्रधानाचार्य जितेंद्र भूषण, मंजू सहाय, प्रकृति सिन्हा, यशोदा देवी, कुमारी कनक, प्रियंका कुमारी, रेखा देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दारू : 13 वर्षीय बच्ची की शादी पंचायत और प्रशासन की सतर्कता से रूकी



**दारू।** प्रखंड के तीज कबिलासी गांव में एक 13 वर्षीय बच्ची को कथित तौर पर शादी के लिए ले जाने का मामला सामने आया है। बच्ची के परिजन, जिनमें उसकी मां गुड़िया देवी, मौसी कांति देवी और अंजलि देवी शामिल थीं, उसे गाड़ी में लेकर जा रहे थे। गांव के लोगों को किसी माध्यम से यह जानकारी मिली कि बच्ची को बेचने की नीयत से बाहर ले जाया जा रहा है। इस सूचना को ग्रामीणों ने तुरंत पंचायत सचिव महेंद्र यादव तक पहुंचाया। सचिव ने सक्रियता दिखाते हुए जिला कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कंट्रोल रूम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दारू बीडीओ को सूचित किया। बीडीओ ने गांव के लोगों से जानकारी जुटाई। इस बीच, बच्ची के परिजन उसे गाड़ी में लेकर गांव से निकल चुके थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनकी गाड़ी का पीछा किया गया और बरही में उन्हें रोका गया। जांच के दौरान, बच्ची की मां गुड़िया देवी ने बताया कि वे चौपारण जा रहे थे, जहां हरैया गांव के सूरज कुमार से बच्ची की शादी तय की गई थी। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि बच्ची को बेचने का प्रयास किया जा रहा था। परिजनों को हजारीबाग कंट्रोल रूम लाया गया, जहां उन्हें स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल विवाह कानून के तहत यह अवैध है। परिजनों से एक बांड पर लिखवाया गया कि बच्ची की उम्र पूरी होने तक वे उसका विवाह नहीं करेंगे और उसकी देखभाल अच्छी तरह करेंगे। इस मामले को सुलझाने में पंचायत सचिव महेंद्र यादव, बबल सिंह, मुखिया पति राजेश प्रसाद और ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही। उनकी सतर्कता और तत्परता से एक गंभीर घटना को टाला गया और बच्ची के भविष्य को सुरक्षित रखा गया। यह घटना बाल विवाह और बाल अधिकारों को लेकर जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने का संदेश देती है।

### मेला में पशुधन योजना की दी गयी जानकारी



**हजारीबाग।** जिले में पशुपालकों, किसानों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से पशु मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला गव्य विकास पदाधिकारी, डॉ. न्यूटन तिर्की ने राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण महिला पशुपालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। योजना के तहत पात्र महिला पशुपालकों को दो दुधारू गाय प्रदान की जाती हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं ग्राम सभा या ब्लॉक समिति के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। जिन आवेदकों का चयन जिला समिति द्वारा किया गया है, उन्हें आज दुधारू गायें वितरित की गईं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करना, दूध उत्पादन में सुधार लाना और गुणवत्तापूर्ण पशुधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सरकार का यह प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बोधीबागी में शहीद मेला 26 जनवरी से

**बरकट्ठा ।** इचाक प्रखंड के बोधीबागी, कुरहा मैदान में 15 दिवसीय शहीद मेला आ आयोजन 26 जनवरी से 11 फरवरी तक लगेगा। शहीद मेला पहली बार आयोजन किया जा रहा है। उक्त अश्य की जानकारी मेला संयोजक और बरकट्ठा विस के प्रत्याशी रह चुके बटेश्वर प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष मधुसूदन मेहता, लक्ष्मण किशोर ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शहीद मेला कारगिल शहीद रघुवीर मेहता, शहीद राजेश मिंज और 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में भगवान बिरसा, सिद्धू कान्हू, चांद भैरव समेत 50 क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी की तस्वीर लगाई जाएगी। यह मेला दुकानदारों, खेल तमाशा वालों के लिए निशुल्क होगा। वहीं मेले में एनटीपीसी, जेएसपीएल, बिजली विभाग, कृषि विभाग के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बटेश्वर मेहता ने बताया कि मेले का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने, लोंगो में देश प्रेम की भावना को गांव गांव तक पहुंचाने का है। उन्होंने बताया कि मेले का आजीवन सदस्य के रूप में बरकट्ठा से अनिल कुमार आजाद, केदार साव, जॉन पीटर को बनाया गया है।

### बरही में पहली बार एसी बस शुरू

बरही। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल ने क्षेत्र में पहली बार एसी बस सेवा शुरू की है। इस नई पहल का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने किया। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। बस में अत्याधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है, जिनमें एसी, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा और प्राथमिक चिकित्सा किट शामिल हैं। इसके साथ ही, प्रशिक्षित चालक और सहायक स्टाफ की नियुक्ति भी की गई है। इस नई सुविधा से छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल है। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि उन्हें समय पर स्कूल पहुंचाने में भी मदद करेगी। शुभारंभ के अवसर पर प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा और सुविधा है। यह नई एसी बस सुविधा छात्रों की यात्रा को न केवल आरामदायक बनाएगी बल्कि उनकी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगी।

### सिविल सर्जन से मिले टाटीझरिया प्रमुख



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल गुरूवार को हजारीबाग सिविल सर्जन से मुलाकात कर टाटीझरिया में एंबुलेंस सेवा बहाल करने की मांग किया है। मंडल ने बताया कि टाटीझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच महीने से एंबुलेंस नहीं है। वही उन्होंने यह भी कहा कि श्रावण माह में टाटीझरिया का एंबुलेंस देवघर भेज दिया गया था। इस दौरान टाटीझरिया में कई जानलेवा दुर्घटनाएं हुई। जिसमें घायल और परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिविल सर्जन ने प्रमुख संतोष मंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही एंबुलेंस सेवा बहाल कर दी जाएगी।

### मुरपा में जेवरात और नगद चोरी



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के मुरपा में गुरुवार रात चोरों ने दो आवास में चोरी की। हालांकि एक आवास से चोरी करने में असफल रहे। भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि रात एक बजे जब हमलोग सपरिवार घर में सो रहे थे। इसी बीच सभी कमरों के दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया गया।अन्य कमरों का ताला तोड़कर अलमीरा में रखे महिला समिति के 5000, सोने की अंगुठी, लॉकेट, चंद्रमा, पायल, कान का झुमका आदि की चोरी की। इधर चोरों ने पास के ही राजेंद्र ठाकुर के आवास में भी घुसे। लेकिन घर के लोग सोये नहीं होने से खाली हाथ ही लौट गये। मामले को लेकर राजेंद्र ठाकुर ने भी कुजू ओपी में आवेदन दिया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिशा की बैठक में दिये कई निर्देश, कहा - जल जीवन मिशन पर राज्य सरकार गंभीर नही

# योजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें अधिकारी

## मंत्री ने सदर अस्पताल मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण कर, निर्माण कार्य की सराहना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया, साथ ही पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा किया गया। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा की जिले में संचालित योजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जाए, योजनाओं का क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरतते हुए, निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारें, साथ ही योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें। वहीं केंद्रीय मंत्री ने विभागीय अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आपस मे समन्वय बनाकर योजनाओं को पारदर्शिता पूर्वक पूर्ण करने, स्थानीय स्तर पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर कार्यों को पूर्ण करें, ताकि वंचित लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच सके। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में विकास और पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कार्य करने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। बैठक के दौरान मनरेगा, जलापूर्ति योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पथ निर्माण व लघु सिंचाई विभाग से सम्बंधित सड़क समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने एक जांच कमिटी गठित कर योजनाओं की जांच करवाने का निर्देश दिया। वहीं विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के कारण कई शिकायतें आ रही है, इस पर अविलंब सुधार लाएं, समाज कल्याण और कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत पर्यवेक्षण करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।



**केंद्रीय मंत्री ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण** : बैठक के उपरांत केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में बनाये गए मॉड्यूलर ओटी का निरीक्षण कर, निर्माण कार्य की सराहना किया। इसके अलावे वन स्टॉप सेंटर आदि का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। मौके पर विधायक डॉ.नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार, एसीएमओ सह डीएस डॉ.रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार आदि मौजूद थे।



### मंगलवार और शुक्रवार को अंचलों में उपस्थित रहे अधिकारी : विधायक

बैठक के बाद कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि शहरी यातायात व्यवस्था, अंचलों में लम्बित दाखिल खारिज, जलापूर्ति योजना, अतिक्रमण समेत कई मुद्दों को उठाया गया। वहीं उन्होंने कहा कि अंचलों, प्रखंडों में कम से कम मंगलवार और शुक्रवार को बीडीओ, सीओ समेत अन्य अधिकारी जरूर बैठें, इससे ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर अंचल पहुंचने वाले ग्रामीणों को मायूस होकर लौटना नही पड़ेगा, ग्रामीणों के लम्बित कार्य निष्पादित होंगे, दाखिल खारिज से सम्बंधित मामलों का भी निष्पादन होगा।

### जल जीवन मिशन पर राज्य सरकार गम्भीर नही : अन्नपूर्णा

बैठक के उपरांत केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिशा की बैठक में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया गया। योजनाओं को गुणवत्ता की जांच के लिए कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा में दिशा की बैठक हुई। जिसमें जल जीवन मिशन की स्थिति दयनीय पाई गई, ऐसा नही है कि जिले के पदाधिकारी इस महत्वपूर्ण योजना पर गम्भीर नही है, परंतु राज्य सरकार इस केंद्र प्रयोजित योजना पर लापरवाही बरत रही है, देश के प्रधानमंत्री का लक्ष्य 2024 तक घर घर तक नल जल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का था, परन्तु राज्य सरकार की लापरवाही और उदासीन रवैये के कारण यह लक्ष्य पूरा नही हो सका।

# असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना पर बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में श्रम विभाग द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करना और असंगठित श्रमिकों का निबंधन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाना था।शिविर की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार ने की, और इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, उप प्रमुख दामोदर गोप, मुखिया अध्यक्ष बिनोद महतो, मुखिया नरेश साहू, रिंकू कुमार, करण कुमार, रवि कुमार, श्रमिक मित्र कृष्ण कुमार और हेमंत कुमार सहित अन्य स्थानीय लोग शामिल हुए।शिविर में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें निबंधन प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। इस पहल से असंगठित श्रमिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## प्रशासन की सख्ती से टंडवा सड़कों पर मलवा उठाव तेज

**टंडवा।** जिला प्रशासन के आक्रामक रुख का असर अब टंडवा की सड़कों पर नजर आने लगा है। एनटीपीसी के ऐश पौंड से गिर रहे मलवे की वजह से सड़कें गंदगी से भर चुकी थीं, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे। इस मामले की शिकायत मिलने पर डीसी के निर्देश पर टंडवा सीओ विजय दास ने गुरुवार को ऐश पौंड की ढुलाई रोक दी। जैसे ही ढुलाई पर रोक लगी, ऐश ट्रांसपोर्टरों ने शुक्रवार को सड़कों पर गिरा मलवा उठाना शुरू कर दिया। प्रशासन का दबाव बना रहे तो सफाई का काम लगातार चलता रहेगा।

## बीडीओ ने की साप्ताहिक बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में पीवीटीजी योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मंईयां सम्मान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि उपायुक्त चतरा के निदेशानुसार 26 जनवरी 2025 तक पीवीटीजी परिवारों को सभी आवश्यक सरकारी योजनाओं का लाभ देना अनिवार्य है। इसके लिए दिसंबर माह में सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और विशेष शिविरों के माध्यम से अधिकतम लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

एक नजर में

## पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद् बेहतर कार्य कर रही : अन्नपूर्णा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### एक करोड़ 36 लाख की लागत से दो मंजिला शॉप निर्माण का किया शिलान्यास, 34 दुकान का होगा निर्माण

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के सीएच स्कूल रोड में जिला परिषद् की जमीन पर स्थानीय व्यवसायियों को जिला परिषद् बोर्ड ने बड़ी सौगात दी है। शुक्रवार को जिला परिषद् की जमीन पर दो मंजिला शॉप काम्प्लेक्स निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में पुरोहित अनिल पांडे, रंजीत पांडे के मंत्रोचारण के पश्चात् केंद्रीय मंत्री अन्नपुर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामान यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य महेंद्र यादव, प्रमुख सुषमा देवी, सत्यनारायण यादव के अलावे डीडीसी ऋतुराज, कार्यपालक अभियंता जितेंद्र कुमार जैसल ने विधि विधान से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बहुप्रतीक्षित शॉप कॉम्प्लेक्स निर्माण प्रारम्भ होने पर खुशी का इजहार किया। वहीं उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद् बोर्ड बेहतर कार्य कर रही है। शॉप काम्प्लेक्स निर्माण से स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सीएच स्कूल रोड स्थित जिला परिषद् की जमीन पर शॉप कॉम्प्लेक्स निर्माण के पीछे सतत संघर्ष का नतीजा है, उन्होंने कहा की योजना को धरातल पर उतारने के लिए हर स्तर पर चुनौतियों से लड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में जिला परिषद् बोर्ड जनता को समर्पित है। उन्होंने कहा कि 34 दुकान निर्माण से स्थानीय व्यापारियों समेत आम लोगों को भी फायदा होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इससे राजस्व भी बढ़ेगा। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य स्थापित होने से विकास कार्य में कोई रुकावट नही आती। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वे हरसम्भव सहयोग करेंगी।

# बालू माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## 1.03 लाख सीएफटी बालू जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मयूरहंड प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें प्रशासन को बड़ी सफलता मिली।अभियान के दौरान 1 लाख 3 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त किया गया। साथ ही, प्रशासन बालू माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। इस कार्रवाई के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन का यह कदम खनिज संपदा की सुरक्षा और अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

जिला ई-गर्वनेंस सोसाइटी की गवर्निंग कमिटी की बैठक संपन्न

# सभी पंचायतों में डिजिटल सेवा सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी से संबंधित गवर्निंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। बैठक में मुख्य रूप से डिजिटल पंचायतों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर सभी पंचायतों में डिजिटल सेवाओं को शत-प्रतिशत सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि लोगों को पंचायत सचिवालय से जोड़ते हुए सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी दौलत वर्मा, आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, ई-जिला प्रबंधक सह नोडल पदाधिकारी ई-गवर्नेंस रितेश कुमार गुप्ता, जिला परियोजना पदाधिकारी ई-आधार धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# उत्तराधिकारी नामांतरण व आपसी बंटवारे को लेकर शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत भवन में शुक्रवार को उत्तराधिकारी नामांतरण सह आपसी बंटवारे को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर राजस्व उप निरीक्षक पप्पू कुमार यादव व मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में लगाया गया, जिसमें 12 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व उप निरीक्षक ने बताया कि सभी आवेदनों का ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत जल्द निष्पादन किया जाएगा। शिविर के दौरान कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

## एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**कोडरमा।** जिला अंतर्गत दूधीमाटी स्थित होटल सेलिब्रेशन में शुक्रवार को एचडीएफसी धनबाद शाखा के शाखा प्रबंधक विनोद पांडेय के नेतृत्व में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान इंश्योरेंस के महत्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को इंश्योरेंस लेना चाहिए।

# चतरा में विकास कार्यों पर भारी भ्रष्टाचार

## हाल ही में बनी सड़क एक सप्ताह में उखड़ी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** नगर परिषद क्षेत्र में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि अधिकारी और इंजीनियर प्रशासन के सख्त निर्देशों को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण किशुनपुर मेन रोड पर पूर्णिमा स्टील से चिहुंटियाँ तक किए गए कालीकरण पथ निर्माण में देखने को मिला, जहां घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण महज एक सप्ताह में ही सड़क उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण में अलकतरा का उचित मात्रा में उपयोग नहीं किया गया, जिससे गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

नगर परिषद क्षेत्र में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार से साफ है कि जब शहर की यह स्थिति है, तो ग्रामीण इलाकों का हाल और भी बदतर होगा। उपायुक्त रमेश घोलप विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन उनके निर्देशों के बावजूद अधिकारी और इंजीनियर सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस लूट के पीछे कौन है?

किसके संरक्षण में निर्माण कार्यों में लगातार अनियमितता बरती जा रही है? नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण अब लोगों की उम्मीदें स्थानीय सांसद और विधायक पर टिकी हैं। सवाल यह है कि क्या नगर परिषद के दोषी अधिकारियों और इंजीनियरों पर कार्रवाई होगी?

क्या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी सड़कों और अन्य विकास योजनाओं का पुनर्निर्माण गुणवत्ता के साथ होगा, या फिर यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा? अब देखना होगा कि जनता को राहत कब और कैसे मिलेगी।

## सांसद खेल महोत्सव के फुटबॉल व वॉलीबॉल में रोमांचक फाइनल विजेता हुए सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले में वाइबीसी की जीत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन सीच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में फुटबॉल का फाइनल मुकाबला खेला गया। वहीं बॉयज़ के फुटबॉल में वाइबीसी झुमरीतिलैया और चाराडीह के बीच हुए मुकाबले में वाइबीसी ने 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। वहीं बाबलू राणा एक गोल एवं दिव्यांशु राणा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो गोल किया। वहीं मैन ऑफ द मैच दिव्यांशु राणा एवं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब चाराडीह के आनंद कुमार को मिला।

**बालिकाओं में धाब ने पेनल्टी पर दर्ज की जीत :** बालिकाओं के फुटबॉल मुकाबले में ढाब और थाम के बीच खेले गए फाइनल में ढाब ने पेनल्टी के जरिए जीत दर्ज की। इस मैच में अंशु यादव को मैन ऑफ द मैच और पिंकी यादव को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

**वॉलीबॉल में बीएड कॉलेज डोमचांच का दबदबा :** वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीएड कॉलेज डोमचांच ने खिताब अपने नाम किया, जबकि रनर-अप सेक्रेड हार्ट स्कूल रहा।

**कबड्डी से लेकर राइफल शूटिंग तक विजेताओं का सम्मान :** कार्यक्रम में कबड्डी, राइफल शूटिंग, बैडमिंटन, गतका, जूडो, लगोरी और खो-खो जैसे खेलों के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद ने खिलाड़ियों को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास हो रहा है। ओलंपिक और पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देशभर में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। मौके पर विधायक डॉ.नीरा यादव, रमेश सिंह, लक्ष्मण यादव, अनुप जोशी, राजकुमार यादव, मयंक यादव, सतनारायण यादव, प्रो. राजेश सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, नितेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र मेहता, संजय शर्मा, कृष्ण ब्रह्मपुरीया, चंद्रशेखर जोशी, बंटी सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, धीरज पाण्डेय, कुंदन राणा, शैलेन्द्र सिंह, रमेश यादव, अर्जुन यादव, बासुदेव यादव समेत सैकड़ों कि संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे

स्पीड न्यूज

## बीडीओ ने की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ राहुल देव ने शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा और पीएम श्री मध्य विद्यालय की संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ ने विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि भोजन की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालयों को छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## 7 वर्षीय अफसाना को खून की सख्त जरूरत, पिता की अपील

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के बनहे गांव निवासी मो. शमशेर आलम ने अपनी 7 वर्षीय पुत्री अफसाना प्रवीण के इलाज के लिए आम जनता से खून देने की अपील की है। अफसाना पिछले चार वर्षों से थैलीसीमिया (रक्त विकार) बीमारी से जूझ रही है, जिसके कारण उसे हर माह खून चढ़ाना अनिवार्य होता है। इस माह खून की कमी के कारण अफसाना की हालत गंभीर होती जा रही है। शमशेर आलम ने कहा कि उन्होंने खून के लिए कई स्थानों पर प्रयास किए, लेकिन असफलता हाथ लगी। शमशेर ने अपने मोबाइल नंबर 9608510608 पर संपर्क करने की अपील की है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी बीपीओ राजेश पासवान को कार्यमुक्त करने की मांग

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड के प्रमुख रोहन साव ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) अमरेंद्र कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर बीपीओ राजेश पासवान को कार्यमुक्त करने की मांग की है। राजेश पासवान पर रिश्वत लेने और मनरेगा विभाग से 5 लाख रुपये गबन करने का आरोप है। मामले में सिमरिया थाना में कांड संख्या 164/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जो पूर्व बीडीओ विनय कुमार के द्वारा कराई गई थी।

## मवेशी लदा पिकअप वैन जब्त, दो गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नवलशाही पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुती चौक के समीप से मवेशी लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमे जहानाबाद के कांको थाना निवासी विनय कुमार तथा मरकच्चो थाना क्षेत्र के राजारायडीह निवासी पवन कुमार यादव के नाम शामिल हैं।

## डोमचांच में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**डोमचांच (कोडरमा)।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों व झंडोत्तोलन को लेकर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान पूर्व वर्ष में निर्धारित कार्यक्रम को यथावत रखते हुए बैठक में उपस्थिति जन-प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित किया गया। जिसमें सबसे पहले शहीद चौक, डोमचांच में 08:50 बजे पूर्वाह्न, प्रखंड मुख्यालय में 9:20 बजे पूर्वाह्न, नगर पंचायत कार्यालय में 9:40 बजे पूर्वाह्न, पुलिस निरिक्षक, डोमचांच में 9:45 बजे पूर्वाह्न, डोमचांच थाना में 9:50 बजे पूर्वाह्न, रेफरल अस्पताल में 10:00 बजे पूर्वाह्न, नवलशाही थाना में 10:20 बजे पूर्वाह्न झंडोत्तोलन का समय निर्धारित है।

# कान्हाचट्टी प्रीमियर लीग का रंगारंग आगाज, जीप उपाध्यक्ष, प्रमुख और बीडीओ ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के बी.के. प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को कान्हाचट्टी प्रीमियर लीग (केपीएल) सीजन-3 का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी, विशिष्ट अतिथि प्रमुख इंदु कुमारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुनील प्रकाश मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पहले फीता काटकर और फिर बैटिंग व बॉलिंग कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की। इससे पहले सभी खिलाड़ियों और अतिथियों ने राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उद्घाटन मैच वनखंडी ब्लास्टर और कौलेश्वरी नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वनखंडी ब्लास्टर ने 167 रन बनाए, जिसमें अभिषेक सिंह उर्फ सोनू ने 68 रन की शानदार पारी खेली। जीप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी ने कहा कि कान्हाचट्टी में पिछले तीन वर्षों से केपीएल का आयोजन हो रहा है, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है। प्रमुख इंदु कुमारी ने क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल बताया और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। वहीं, बीडीओ सुनील प्रकाश ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और यह एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में बक्कुम्बा पंचायत मुखिया पार्वती देवी, तुलबुल मुखिया प्रतिनिधि टुनटुन भुइयां, कृष्ण पासवान, विनय सिन्हा, अवधेश कुमार सिंह उर्फ गुजुन, सतीश सिंह, उदय चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र यादव, राजेश दास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मैच में प्रेम राणा और आकिद खान ने अंपायरिंग की।



# केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरूगन ने की आकांक्षी जिला विकास कार्यों की समीक्षा

- बैठक में चाईबासा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया हिस्सा
- डॉ मुरुगन ने जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र और करंजिया केज कल्चर मछली पालन केंद्र तथा जिले के पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा।** माननीय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ एल मुरुगन अपने चाईबासा यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को उपायुक्त सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंत्री के साथ चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा और विभिन्न विभागो और योजनाओं से जुड़े जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े चाईबासा में चलाए जा रहे अभियानों और इनसे जुड़े आंकड़ों की समीक्षा कर विचार और सुझाव साझा किये।

मंत्री महोदय ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों से जुड़े आंकड़ों, टीबी के इलाज और प्रबंधन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थिति, जन धन खातों की संख्या,



जिले के अधिकारी-पदाधिकारियों के साथ आकांक्षी जिला के विकास कार्यों की समीक्षा करते मंत्री।

मृदा स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े, एक जिला एक उत्पाद से जुड़े कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और अपने सुझाव दिए। माननीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है, सबका साथ सबका विकास का प्रधानमंत्री का लक्ष्य है, इसी ध्येय से ही हम विकसित भारत का 2047 तक निर्माण कर सकते हैं।

समीक्षा बैठक से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आईटीआई केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंत्री ने आईटीआई में विभिन्न ट्रेड आधारित वर्कशॉप का अवलोकन क्रम में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने करंजिया में स्थानीय लाभुक समिति के केज कल्चर से कर रहे मछली पालन कार्य का अवलोकन कर लाभुकों संग संवाद किया। उन्होंने चाईबासा सदर स्थित पीएम श्री स्कूल टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय का भी भ्रमण किया। इस दौरान साइंस लैब, कंप्यूटर लैब व संचालित क्लासरूम का अवलोकन करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों से मिले।

इस दौरान उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूल में ड्रॉप आउट दर को कम करने, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के तहत मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने का निर्देश दिया। वही सेल्फ हेल्प ग्रुप की गतिविधियों को बेहतर बनाने, उन्हें एक जिला एक उत्पाद' से जोड़ने, में ड्रोन दीदी योजना को बेहतर बनाने, श्रम विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम को रोकने के लिए विशेष कैंपेन चलने का निर्देश दिया। जिले में पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास आवंटन के लक्ष्यों को पूरा करने और जल जीवन मिशन के तहत लक्ष्य को त्वरित कार्रवाई कर प्राप्त करने का भी निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज



### पूर्व सीएम चंपई जागरण संध्या में हुए आमंत्रित

**जमशेदपुर।** श्री श्री सार्वजनिक सरस्वती पूजा रेलवे कॉलोनी मैदान आदित्यपुर के सदस्यों ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन से उनके घर पहुचंकर जागरण संध्या कार्यक्रम में आमंत्रित किया। मौके पर रेलवे कॉलोनी मैदान के पूजा पंडाल अध्यक्ष मोहित कुमार, जगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा और समिति के सदस्य उप-सचिव मनीष कुमार, नितेश, अंकित व अन्य मौजूद थे।

### सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलना गर्व की बात : राजेश मार्डी



**जमशेदपुर।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि एक बहुत ही गरीब परिवार से निकल कर आई सलीमा टेटे राज्य की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी है जिन्हें यह खेल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है और यह हम सभी आदिवासियों के लिए एक गर्व की बात है। संताल समाज की महिला और लड़कियों को सलीमा टेटे से सीख लेने की जरूरत है।

### मुंडा ने दिवंगत गणेश महतो को दी श्रद्धांजलि



**गम्हरिया।** भाजपा नेता गणेश महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गम्हरिया गायत्रीनगर स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दिवंगत गणेश महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### आचार संहिता मामले में कन्हैया सिंह हुए बरी

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाने में दर्ज आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह को प्रथम श्रेणी प्रिया कुमारी लाला के न्यायालय ने बाइज्जत बरी कर दिया। मामले की पैरवी अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने की। उन्होंने कहा कि रिहाई पर खुशियां दुगनी हो जाती है लेकिन इस अंतराल में सभी राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष या प्रत्याशी को न्यायालय का सम्मान करते हुए हाजिर होना पड़ता है।

# झारखंडवासी एकता मंच का गोपाल मैदान में 21 को लगेगा भव्य टुसू मेला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड वासी एकता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो व सह संयोजक सांसद विद्युत वरण महतो ने सोनारी स्थित निर्मल भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में संयुक्त रूप से जानकारी दी कि आगामी 21 जनवरी, मंगलवार को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में विराट टुसू मेला का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भी मेला में टुसू प्रतिमा व चौड़ल लेकर आनेवाले प्रतिभागियों को अलग अलग श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करनेवालों को भी नकद इनाम दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा। पुरस्कार के




टुसू मेला के बारे में जानकारी सार्वजनिक करते समिति के पदधारी।

मद में सांत्वना पुरस्कार छोड़कर तीन श्रेणिय टुसु, चौड़ल व बुढ़ी गाड़ी नाच में कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। टुसू प्रतिमा का प्रथम पुरस्कार 31 हजार, चौड़ल का पुरस्कार 25 हजार, वही बुढ़ी गाड़ी नाच का पुरस्कार प्रथम 15 हजार रुपए का होगा।

उन्होंने बताया कि मेला में झारखंड सहित ओड़िशा, पश्चिम बंगाल तथा छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों से भी कई लोग व समिति मेला में भाग लेंगे। सुबह 7 बजे से ही लोग मेला में टुसु व चौड़ल लेकर पहुंचने लगते हैं। बताया कि मेले की शुरूआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्व सुनील महतो ने की थी। तभी से आज तक हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन हो रहा है। मेला में आनेवालों की सुरक्षा के लिए मंच के कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो के साथ फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, सचिन महतो, गोपाल महतो, करमू हांसदा, धनंजय महतो, चुनका मार्डी, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।

विद्युत महतो ने कहा कि बदलते परिवेश में परिधान के साथ साथ सोच न बदले, इसलिए इस पर्व के रीति रिवाज को जीवित रखने की जरूरत है। हर जगह मकर व टुसु पर्व के महान विरासत को कायम रखने की जिम्मेवारी आनेवाली पीढ़ी पर है। उन्होंने राज्य सरकार से टुसु पर तीन दिन की छुट्टी घोषित करने की मांग की। आस्तिक महतो ने कहा कि गत वर्ष लगभग 200 से अधिक टीम पहुँची थी, उम्मीद है कि इस बार और अधिक टीम पहुँचेगी। उन्होंने अन्य समाज के लोगों को भी मेला में आकर अपनी संस्कृति व कला को प्रदर्शित करने का आमंत्रित किया। कहा कि अन्य प्रदेश के लोग भी आएं और झारखंड की संस्कृति को नजदीक से देखें। साथ ही युवाओं से उन्होंने अपनी संस्कृति व धरोहर को बचाने की अपील की।

## एनआइटी जमशेदपुर में उन्नत हीट ट्रांसफर प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए उन्नत हीट ट्रांसफर टेक्नोलॉजीज पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद द्वारा प्रायोजित कार्यशाला का उद्देश्य इंजीनियरिंग छात्रों को वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अत्याधुनिक ताप हस्तांतरण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करना है। कार्यशाला में इंटरैक्टिव सत्रों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें आईआईटी और एनआईटी के संकाय सदस्यों द्वारा विशेषज्ञ के नेतृत्व वाले व्याख्यान और व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल थे। प्रतिभागियों ने उन्नत सामग्री, हीट एक्सचेंजर्स और थर्मल प्रबंधन प्रणालियों जैसे गर्मी हस्तांतरण के लिए नवीन तरीकों की खोज की।

## जमशेदपुर पुलिस ने चार बाइक पकड़े बरामद की गयी चोरी की सात बाइकें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम को गुप्त सूचना मिली कि मानगो बस स्टैंड के पास दो चोरी की बाइक से कुछ संदिग्ध बाइक बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। सूचना के आलोक में साकची थाना में सनहा दर्ज करते हुए छापामारी शुरू की। महाराणा प्रताप चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान मानगो बस स्टैड की तरफ से दो बाइक पर कुछ सवार लोग पुलिस को देख बाइक घुमा कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी पुलिस बल के सहयोग से दो बाइक सहित चार व्यक्तियों को दबोच लिया गया।



बरामद बाइकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी।

पकड़े गये व्यक्तियों में हरहरगुटु, बड़ा तालाब के 21 वर्षीय संजीत कुमार उर्फ चेला, हरहरगुटु, शिवमंदिर चौक के 22 वर्षीय आशीष सरदार, लालबिल्डिंग के 22 वर्षीय अर्जुन सरदार उर्फ डीएम एवं हरहरगुटु बडा तालाब के 21 वर्षीय सुमीत सरदार उर्फ बंगुवा शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ये दोनों बाइक चोरी की है। चारों अभियुक्तों ने स्वीकारोक्ति बयान में अपनी संलिप्तता स्वीकारी और बताया कि वे चारों मिलकर जमशेदपुर के शहरी क्षेत्रों में घूम-घूमकर बाइक चोरी करते हैं। इनलोगों की निशानदेही पर पांच अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर जब्त कर लिया गया है। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारी ने प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।

## भाजपा सदैव राष्ट्रहित की बात करती है : काले

- पार्टी की सदस्यता अभियान जारी रहा, पार्टी सिद्धांतों को फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाने वालों का जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी, जमशेदपुर महानगर के साकची मंडल द्वारा संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान साकची कालीमाटी रोड पर बड़े धूमधाम से चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा और सदस्यता प्रभारी डॉ राजीव की उपस्थिति में हुआ। मुख्य तौर पर प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए एवं पार्टी के



पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल भाजपा के नेता व कार्यकर्ता।

पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नये सदस्यों का स्वागत किया। पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों ने स्थानीय जनता को भाजपा की नीतियों और कार्यों से अवगत कराया और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

श्री काले ने कहा कि संगठन महापर्व के इस अभियान का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और मिशन को और अधिक लोगों तक पहुंचाना है, ताकि पार्टी का संगठन और मजबूत हो सके और जनकल्याण अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान सफलता की ओर अग्रसर है और हमें गर्व है कि इस अभियान से पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है।

## आरवीएस के छात्रों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन शिक्षा व कोविड-19 के प्रभावों पर समूह चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी के कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा के प्रभाव पर एक विचारोत्तेजक समूह चर्चा की, जिसमें भारत, अमेरिका, घाना और बांग्लादेश के तुलनात्मक दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र और प्राचार्य उपस्थित थे। छात्रों ने अपने असाधारण अनुसंधान कौशल और विविध शैक्षिक प्रणालियों के गहन विश्लेषण की क्षमता का प्रदर्शन किया। चर्चा में चार देशों में ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा के लाभ और चुनौतियों का विश्लेषण किया गया, जिसमें पहुंच, बुनियादी ढांचा, शिक्षक-छात्र सहभागिता और दीर्घकालिक परिणाम जैसे विषय शामिल थे। छात्रों ने आंकड़ों पर आधारित तथ्य प्रस्तुत किये, यह दिखाते हुए कि कैसे ऑनलाइन शिक्षा ने कुछ क्षेत्रों में अंतराल को पाटने में मदद की है।

# एटीके मोहन बागान और जमशेदपुर एफसी के बीच कांटे का मुकाबला, मैच 1-1 के बराबरी पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जे आर डी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आईएसएल 2025 के शीर्ष दो स्थानों पर काबिज एटीके मोहन बागान और जमशेदपुर एफसी के बीच कांटे का मुकाबला खेला गया। अपने स्थानीय मैदान पर खेलती हुई जमशेदपुर खेल में तब पिछड़ गयी जब खेल के पहले हाफ के 25वें मिनट में एटीके मोहन बागान के तेज तर्रार डिफेंडर सुभाशीष बोस ने गोल दाग दिया। एटीके के मजबूत आक्रमण के आगे मैच में पिछड़ रहे जमशेदपुर के लिए मुकाबला काफी कठिन होता जा रहा था, तभी खेल के 60वें मिनट में जमशेदपुर के डिफेंडर स्टीफन इजे ने जे हर्नांडेज के पास को गोल में पहुंचाकर जमशेदपुर को बराबरी पर ला खड़ा किया। बराबरी पर आने के बाद जमशेदपुर ने खेल के आखिरी आधे घंटे में मजबूत खेल दिखलाते हुए मजबूत टक्कर दी, खेल के अंतिम तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी, और खेल 1-1 के स्कोर के साथ बराबरी पर छूटा। टेबल टॉपर एटीके मोहन बागान के मजबूत खेल के आगे जमशेदपुर एफसी का ड्रॉ खेलना भी स्थानीय दर्शकों को जोश को लबरेज कर गया।



## एक नजर में

### दलमा व्यू प्वाइंट में वरिष्ठ नागरिकों का मिलन 24 को



**जमशेदपुर।** वरिष्ठ नागरिक सह मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप, कदमा के सदस्यों ने चाय बैठक कदमा सोनारी लिंक रोड में आयोजित की। सदस्यों ने ग्रुप के क्रियाकलापों की चर्चा की। आगामी 24 जनवरी को मित्रता मिलन सह वनभोज मनाने का सामूहिक निर्णय लिया गय। सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रख मेरिन ड्राइव स्थित एक्सएलआरआई के समीप दलमा व्यू प्वाइंट में वनभोज स्थल निर्धारित किया गया है। ग्रुप के श्रीकांत देव ने बताया कि कार्यक्रम को रोचक बनाने की कोशिश की जा रही है। बैठक में रामदेव, एस एन मित्रा, अजय श्रीवास्तव, श्रीकांत देव, एल एस दास, गुलशन सहगल, भरत भूमिज, एके राय, एसएस दास, गणेश चौधरी, शंभू सरदार, धीरेन गोराय, विनोद सिंह, अनिल, शर्मा जी आदि उपस्थित थे।

### डीसी के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी



**सरायकेला।** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने समाहरणालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगो से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन पर यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि संबंधित मामले, एनडीजीआरएस पोर्टल पर लंबित मामलों के निष्पादन, उप स्वास्थ्य केंद्र, पुनिसिर कुचाई मे डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति, राशन कार्ड में नाम जोड़ने तथा नाम सुधारने समेत विभिन्न विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में कई मामलों का ऑनस्पॉट निराकरण किया गया तथा अन्य सभी पर कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों आवेदकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत को अग्रसरित किया गया।

### बाइक अनियंत्रित होने से तीन छात्र गंभीर



**चांडिल।** शुक्रवार को ईंचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपाटांड़ के पास लेपाटांड़ स्कूल के 3 छात्र बाइक अनियंत्रित होने से गंभीर रूप से घायल हो गए। छात्रों की पहचान आतारग्राम निवासी छात्र मोहित कैवर्त (17), लेपाटांड़ के छात्र मनोज प्रमाणिक (18) तथा लेपाटांड़ के दीपक कुमार (18) शामिल है। मोहित को काफी गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार कर तीनों को 108 एंबुलेंस से एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया गया।

### आधुनिक जीवन शैली में योग की भूमिका, राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ऑडिटोरियम में एनएमएल स्टाफ क्लब ने आधुनिक कार्यस्थल जीवनशैली में योग की भूमिका विषय पर व्याख्यान किया। वक्ता जेआरडी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कार्यरत योग गुरु अरविंद प्रसाद को आमंत्रित थे। एनएमएल स्टाफ क्लब के सामाजिक संयुक्त सचिव रोहित मुदी ने लोगों का अभिनंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रशासनिक अधिकारी विप्लव विशाल ने स्वागत भाषण दिया। योग गुरु अरविंद प्रसाद ने योग पर अमूल्य ज्ञान देते हुए योगाभ्यास करवाया। बताया कि दैनिक योग कर हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय धातु कर्म प्रयोगशाला के वैज्ञानिक, तकनीकी लोग, प्रशासन के लोग, परियोजना सहायक, ट्रेनी और कुछ अस्थायी कर्मियों ने भाग लिया। समापन स्टाफ क्लब के वाइस प्रेसिडेंट डॉ संजय अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

### श्री श्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा



**जमशेदपुर।** श्रीश्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर समिति, ईस्ट प्लांट बस्ती की प्रथम स्थापना दिवस पर मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ दोमुहानी के लिए कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। दोमुहानी से कलश में जल भरकर महिलाएं मंदिर पहुंची। दोमुहानी से लाये गये जल से मां काली का स्नान कराने के साथ ही पुरोहितों ने मां का भव्य श्रृंगार कर पूजा किया। वहीं श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गये। मंदिर समिति के अध्यक्ष गलविंदर सिंह ग्वाले ने बताया कि विगत वर्ष मंदिर में मां काली की प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम मां का भव्य श्रृंगार, पूजन एवं भंडारा रखा गया है। महाप्रसाद व भंडारा 18 जनवरी को किया जायेगा। कार्यक्रम में छोटू पाल, उमाशंकर बेरा, हरिशचंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद, रंजीत, सुजीत, अजीत सहित समिति के सदस्य थे।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के विभिन्न पहलुओं पर गहरी चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य विशेषज्ञ कॉलेज के अध्यक्ष डॉ एसके सिंह थे, जिन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के सिद्धांतों, प्रोजेक्ट की समस्याओं और संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रोजेक्ट ट्रिपल कंस्ट्रेंट्स, एगाइल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और प्रोजेक्ट के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता अरुण प्रताप सिंह, जो एक प्रतिष्ठित सिविल इंजीनियर और टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पाटन बीडीओ ने बुका में बांटा कंबल



पाटन पलामू। बीडीओ अमित झा ने पाटन प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बुका में जरूरतमंदों के बीच कंबल बंटा। आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र में बीडीओ ने कड़कड़ाती ठंड में असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच कंबल बांटा। ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग अलाव तापते नजर आये। वहीं पशुओं का भी इस ठंड में जीना मुश्किल है। बीडीओ लगातार दौरा कर जरुरतमंदों को कंबल बांट रहे हैं।

### अवैध बालू ढोते दो ट्रैक्टर जब्त

छतरपुर। सीओ उपेंद्र कुमार ने गुरुवार को दोपहर 12 बजे के करीब छतरपुर बेलहरा रोड में लोहराही के समीप अवैध बालू ढो रहे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। बताया कि दोनों वाहन जब्त कर छतरपुर पुलिस को सौंप दी गयी है। जिला खनन पदाधिकारी पलामू अब विधिपूर्वक जुर्माना वसूलेंगे।

### राष्ट्रीय सेमिनार में पलामू के शिक्षक दिनेश शुक्ला का शोध पत्र की प्रस्तुति



मेदिनीनगर। प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय, पोलपोल को आदर्श संस्था बनाने की पहल और रांची के शहरी क्षेत्रों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) पर चल रही पहलों के प्रभाव का अध्ययन विषय पर आज से शुरू हुए राष्ट्रीय सेमिनार में प्रेजेंटेशन किया गया। यह सेमिनार जेसीईआरटी, रांची में हो रहा है। इसका उद्घाटन स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। इसमें प्राचार्य दिनेश शुक्ल ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार 1950 में स्थापित यह विद्यालय शिक्षण के नये आयाम स्थापित कर रहा है। यह सेमिनार 17 से 19 जनवरी तक चलेगा, जिसमें शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की जायेगी।

### एनपीयू के स्थापना दिवस के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई है: विकास यादव



मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) की 16वीं स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान विवि ने खानापूर्ति की। इस दौरान कार्यक्रम में कई कमियां देखी गयी। कार्यक्रम में लगी कुर्सियां बहुत सी खाली रह गयी। कई रिटायर्ड कर्मी भी नहीं पहुंचे। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि एनपीयू पलामू का एकमात्र प्रतिष्ठित सरकारी विवि है। इसके बावजूद आज 16 सालों में भी जिस सपनों के साथ विवि बनाया गया था वह पूरा नहीं हो सका, यह साफ-साफ झलकता है। कुलपति के अभिभाषण बिजली चल जाना और माइक काम न करना यह स्पष्ट रूप से साबित करता है कि कार्यक्रम में सिर्फ खानापूर्ति की गयी थी।

### संघ ने लगाया ड्यूटी में भेदभाव का आरोप



हुसैनाबाद, पलामू। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में वीक्षक कार्य में लगे सहायक शिक्षकों की सूची से हटाने और नयी सूची के मामले पर सहायक अध्यापक संघ हुसैनाबाद ने कड़ी नाराजगी जतायी है। शिक्षकों ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिख नाराजगी जाहिर की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्रांक 67 दिनांक 15-01-2025 में यह आदेश दिया है कि 18 जनवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय के परीक्षा कार्य के सहायक अध्यापक नहीं बल्कि केवल सरकारी शिक्षक ही लगेंगे। शिक्षक संघ ने साफ शब्दों में कहा है कि हमलोगों के साथ भेदभाव किया गया है।

### समिति की देखरेख में साड़ी धोती वितरण



मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के पोलपोल जन वितरण प्रणाली के दुकान अविता देवी की दुकान पर निगरानी समिति के सदस्यों की देखरेख में शुक्रवार को सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती व लुंगी बांटी गयी। मौके पर पोलपोल कला मुखिया पुष्पा देवी, वार्ड सदस्य मनोरमा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबीता देवी, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अविता देवी ने दर्जनों कार्डधारकों के बीच सोना साड़ी, धोती और लूंगी बांटी। मुखिया ने कहा कि मुख्यमंत्री गरीबों को साड़ी धोती व लूंगी दे रहे हैं, जो एक नेक पहल है। यह कार्यक्रम जारी रहेगा।

### कोल ब्लॉक शुरू करने में आ रही सभी समस्याओं को ले युद्धस्तर पर करें कार्य



मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिले के पांचो कोल ब्लॉक के प्रतिनिधियों संग बैठक कर कोल ब्लॉक के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार समीक्षा कर संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सर्वप्रथम त्रिमूला माइंस की समीक्षा की। बताया कि त्रिमूला माइंस का प्लान का सरकार के स्तर से अनुमोदन हो गया है। इसपर उपायुक्त ने त्रिमूला माइंस के प्रतिनिधियों से जल्द से जल्द लैंड शेड्यूल जमा करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने फेयर माइंस को गैर मजरुआ जमीन की लीज बंदोवस्ती की राशि को कोषागार कार्यालय में जमा कराये जाने की बात कही। वहीं जिले में रिक्त पड़े जिला बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन हेतु अपर समाहर्ता को सरकार से पत्राचार करने की बात कही।

### मांगों को लेकर वार्ड सदस्यों की बैठक



पाटन। जिले के पाटन प्रखंड के वार्ड सदस्यों ने अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर किशुनपुर के खेल स्टेडियम गुरुवार में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड के महासचिव अनुज सिंह ने की। मुख्य अतिथि पलामू जिले के वार्ड संघ के संयोजक सह अध्यक्ष विश्वंभर दुबे ने कहा कि वार्ड सदस्यों की मांगें जायज हैं। उन्हें हक अधिकार मिलनी चाहिए। पंचयायती राज के सबसे छोटे अभिन्न अंग हैं। लेकिन इसकी जड़े यही है की चाहे पंचायत के विकास में योजनाओं का चयन करना हो या कार्यकारिणी बैठक हो इनके बिना संभव नहीं है।

# पांकी विधायक डॉ शशिभूषण ने किया विधायक प्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को सतबरवा प्रखंड कार्यालय भवन में विधायक प्रतिनिधि कक्ष का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की से मनोनीत तथा पूर्व सदस्यों का परिचय कराया। उन्होंने नवनियुक्त प्रतिनिधि अजय उरांव को बुके देकर सम्मानित किया तथा पूर्व प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, डाल्टनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रीति गुप्ता, पप्पू सिंह, आशीष सिन्हा को माला पहनाकर स्वागत भी किया।



खास बातें : बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि विधायक जी के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के लोगों का आवेदन पर जांचोपरांत सही पाये जाने पर अविलंब काम कराया जायेगा। मौके पर रविंद्र यादव, डब्लू उरांव, भुलु उरांव, विश्वनाथ उरांव, बनौधी यादव, धावड़ीह मुखिया रिंकी यादव, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, राकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। विधायक ने कहा है कि हमारे सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव का कार्य जनता की समस्याओं से रूबरू होकर निजात दिलाना होगा। कहा कि कार्यकर्ताओं ने मुझे दूसरी बार विधायक बनाया है, इसके लिए क्षेत्र की जनता का आभार है। आगे कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सतबरवा ब्लॉक में चार पंचायत हैं। इस क्षेत्र में एससी-एसटी तथा ओबीसी बहुल आबाद है। उन्होंने प्रखंड और अंचल कर्मियों से आग्रह किया कि किसी को अकारण परेशान नहीं करेंगे। उन्होंने बीडीओ सह सीओ से कहा कि दोनों विभागों की देखरेख आप करते हैं। विभाग के कर्मियों से आपसी सहमति बनाकर लोगों के कार्य को तेजी से करायें ताकि लोगों का कल्याण हो सके।

# हेमंत सरकार से उठ चुका है राज्य की जनता का भरोसा : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जो सरकार अपने वादों से मुकरती है, उस सरकार से राज्य की जनता का भरोसा उठ चुका है। जिससे राज्य की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। श्री मरांडी शुक्रवार को पलामू दौरा के क्रम में सतबरवा में कार्यकर्ताओं के स्वागत के दौरान बोल रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि पूरे झारखंड में विकास की योजनाएं दम तोड़ रही है तथा कानून-व्यवस्था चरमरा गयी है। राजधानी समेत उन शहरों में अपराधियों का बोलबाला बढ़ गया है।



खास बातें : हेमंत सरकार घोषणा करती है, मगर लागू नहीं कर पाती। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को 3200 रुपये क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था। मगर सरकार ₹2400 क्विंटल खरीद रही है। मंइयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि सभी महिलाओं को नहीं मिल पा रही है, जिसे मिलनी चाहिए। समाज में सबसे उपेक्षित तथा जरूरतमंद बुजुर्ग तथा विधवा महिलाओं को ₹1000 पेंशन की राशि को बढ़ाकर देना चाहिए, ताकि उनकी जरूरत पूरी हो सके। श्री मरांडी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर, जेपीएससी तथा एसएससी जैसे कई मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सभी वादों पर सरकार को अमल करनी चाहिए। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में भय, भूख, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार फैला हुआ है, जिसपर सरकार में बैठे लोग चुप्पी साधे हुए हैं। मौके पर आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, पप्पू सिंह, बनौधी यादव, धीरज सिंह, मुकेश यादव, मो शबीर, रामजी प्रसाद, प्रवेश यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र भुइयां, विश्वनाथ उरांव, अशर्फी यादव मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीओ गौरांग महतो ने बनायी रणनीति, कहा

# गणतंत्र दिवस के दिन निर्धारित तय समय पर होगा ध्वजारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। गणतंत्र दिवस को लेकर स्थानीय अनुमंडलीय कार्यालय के सभागार में एक विशेष बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने की। इसमें गणतंत्र दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। सरकारी कार्यालय व महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर ध्वजारोहण का समय निर्धारित की गयी। साथ ही महापुरुषों की प्रतिमा स्थल व विभिन्न चौक चौराहों की साफ सफाई व रंग रोगन की जिम्मेवारी सौंपी गयी। एसडीओ ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण निर्धारित समय पर की जायेगी। इस दौरान शहर में भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। साथ ही उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है। वहीं एसडीपीओ एस मो याकूब ने शांति व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, बीईओ रामनरेश राम, हैदरनगर बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, एमओ मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।



बैठक में शामिल एसडीओ, एसडीपीओ सहित अन्य।

# संविधान पर प्रहार करना भाजपा और आरएसएस की फितरत : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में 13वें दिन जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान पलामू जिला के उटारी प्रखंड में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला संयोजक सुरेंद्र तिवारी भी थे। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान के निर्माता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और पदयात्रा कर देश के प्रधानमंत्री से मांग की है कि गृह मंत्री को बर्खास्त करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश संविधान से चल सकता है। संविधान पर प्रहार करना भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की फितरत हो गयी है।

देश के लोकतंत्र व संविधान पर हमला हो रहा है और कांग्रेस ही संविधान की रक्षा करेगी। कांग्रेस पार्टी देशभर में प्रखंड मुख्यालय में जय बापू जय भीम जय संविधान मार्च कर रही है। अभियान मार्च से पूरे जिले में लोगों को उनके संवैधानिक मूल्यों के बारे में बताने काम किया जा रहा और साथ यह भी कि कैसे भाजपा सरकार देश के संविधान और उसके मूल्यों पर हमला कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। जब तक देश के प्रधानमंत्री गृह मंत्री को बर्खास्त नहीं करेंगे और गृह मंत्री देश से माफी नहीं मांगेंगे तब तक यह अभियान चलता रहेगा। कार्यक्रम में विश्रामपुर विस के पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, संतोष चौबे, सतनारायण तिवारी, अशोक सिंह, आलोक चौबे, शैलेंद्र चौबे, अश्विनी चौबे, रेखा देवी, बृजेश चंद्रवंशी, पार्वती देवी, नगीना देवी, कांति देवी, उमा तिवारी, अशर्फी चंद्रवंशी, विनय पाठक भी थे।





पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता।

### ब्राह्मण महासभा का नूतन वर्ष मिलन समारोह कल



पांकी पलामू। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पांकी प्रखंड इकाई के सौजन्य से 19 जनवरी को दस बजे बाबा मैरिज हॉल थाना रोड पांकी में नूतन वर्ष मिलन समारोह मनाया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक अजय तिवारी होंगे। उक्त जानकारी महासभा के सत्य प्रकाश पांडेय उर्फ चुनमुन ने दी। उन्होंने महासभा के लोगों से समारोह मे भाग लेने की अपील की है।

### आज व्यावसायिक केंद्र भूसड़ीया में सेसा का शिविर

मेदिनीनगर। सेसा व्यवसायिक केंद्र बेतला रोड भुसड़िया में 18 जनवरी को भारत सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना के विषय पर एक जागरूकता शिविर लगायेगा। जानकारी देते हुए सेसा के महासचिव कौशिक मलिक ने बताया कि यह शिविर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए काफी कारगर साबित होगा। इससे स्वरोजगार करने वाले लोगों को काफी प्रेरणा मिलने वाली है। बताया कि इस शिविर में खादी एवं ग्रामोद्योग भारत सरकार के सदस्य मनोज कुमार सिंह तथा पूर्वी एवं राज्य निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग रांची भी भाग लेंगे। इसके अलावे और कई गण्यमान्य लोग भाग लेंगे। जो स्वरोजगार पर अपना-अपना विचार व्यक्त करेंगे।

### सिगसिगी स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत, बिहार के गया का था मृतक



विश्रामपुर (पलामू)। डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन के समीप रांची सासाराम एक्सप्रेस (अप) ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान बिहार के डेहरी ऑन सोन शहर के जक्की बिगहा मुहल्ले निवासी अजित भुइयां (22) के रूप में हुई है। घटना गुरुवार रात 10:30 बजे की बतायी जा रही है। डालटनगंज जीआरपी थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अजीत उड़ीसा कमाने गया था। वहीं से वह घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह सिगसिगी स्टेशन के समीप अचानक गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सिगसिगी स्टेशन मास्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि देर रात पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन ने स्टेशन में जाकर सूचना दी कि एक व्यक्ति रेलवे क्रोसिंग के समीप ट्रेन से गिर गया है। स्टेशन मास्टर ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दिया। वहीं मृतक के जेब से मिले कागजात के आधार पर उसके परिजनों को भी सूचना दी गयी। शुक्रवार की सुबह होते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये थे।

## पलामू क्लब में होगा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशनन का जिला स्तरीय सेमिनार कल

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। जेतहाता में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशनन के आम सदस्यों की बैठक अध्यक्ष रमेश शुक्ला की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें फेडरेशन के एजीएम के सांगठनिक एवं वर्तमान समय में दवा-व्यवस्था की स्थिति एवं केमिस्ट सदस्यों की भूमिका पर विचार किया गया। संगठन के 19 जनवरी को होने वाले एजीएम सह सेमिनार का उद्घाटन झारखंड के वित एवं संसदीय कार्यमंत्री मंत्री करेंगे। पलामू जिले के सभी क्षेत्रों से हजारों सदस्य पलामू क्लब में भाग लेंगे। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि एजीएम की बैठक में जहां संगठन की मजबूती पर प्रकाश डाला जायेगा। वहीं ऑनलाइन दवा खरीदारी का विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक फार्माशिस्ट को एक जिला में दो-दो स्थान पर काम करने की अनुमति दी जाये। साथ ही दवा के मूल्य निर्धारण पर सरकार अपने नियंत्रण में ले। दवा का मूल्य कम हो। उन्होंने संगठन के सदस्यों से आह्वान कर कहा कि अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनायें।

## प्रयागराज महाकुंभ में सेवा के लिए पलामू की पहली टीम हुई रवाना : अविनाश राजा

मिन्हाज आलम



मेदिनीनगर। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद के डॉ प्रवीण तोगड़िया की टीम इस वर्ष महाकुंभ में जोरों से सेवा दे रही है। पूरे कुंभ में सबसे बेस्ट सेवा श्रद्धालुओं के लिए प्रदान कर रही है। बता दें कि यह सेवा पूरे कुंभ तक चलेगी। 14 जनवरी से 26 फरवरी तक जितने भी श्रद्धालु आयेंगे, उनके लिए निःशुल्क भोजन मिलेगा। जिसमें करीब चार करोड़ लोग भोजन करेंगे। चाय पिलायी जायेगी। कंबल बांटे जायेंगे। रहने के लिए निःशुल्क टेंट अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद सबके लिए सेवा प्रदान करेगा। संगठन हो या संगठन के बाहर कोई श्रद्धालु सेवा ले सकता है, उसके लिए पंजीकरण करवानी होती है। 24 और 25 जनवरी को प्रयागराज में ही हिंदू सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें पलामू के 100 से अधिक सदस्य पहुंचेंगे। मौके पर अध्यक्ष अविनाश राजा, विकास कुमार, संचिता सिन्हा, आसना बेंगरा, शिक्षक आशीष अग्रवाल, आशीष व अन्य लोकल सदस्य समेत करीब 18 लोगों की टोली रवाना हुई है।

## विद्यार्थियों की भावनात्मक बुद्धि सुदृढ़ करती है संगीत : अविनाश

संत मरियम अविनाश देव

- संत मरियम विद्यालय में संगीत कार्यशाला का आयोजन
- स्पेक्ट्रा मंडली ने बच्चों को दिये जरूरी टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में एक दिवसीय संगीत कार्यशाला की गयी। जिसका उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, पाचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने किया। तत्पश्चात पलामू के प्रसिद्ध स्पेक्ट्रा संगीत मंडली के प्रमुख दिनकर जी ने संगीत व वाद्य यंत्रों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने, इसके प्रति रुचि विकसित करने व हमारे मन मस्तिष्क के इसके सुप्रभाव की जानकारी बच्चों को दी। कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। श्री देव ने आभार प्रकट कर कहा कि संगीत सदियों से हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। इससे बच्चों की भावनात्मक बुद्धि सुदृढ़ होती है।

### यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कल

मेदिनीनगर। जनकल्याण ट्रस्ट रविवार को स्थानीय छहमुहान चौक पर यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। उक्त जानकारी ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव नंदलाल दुबे ने दी। बताया कि कार्यक्रम उत्तलक्त तिथि को दिन के एक बजे से शुरू होगा। इसमें डीटीओ पलामू, ट्रैफिक इंचार्ज व टीम, ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे, केंद्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे एवं समस्त केंद्रीय एवं जिला सदस्य रहेंगे। श्री दुबे ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने बराही धाम में मत्था टेका

- शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम समिति ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद। भोजपुरी फिल्म के स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह शुक्रवार को चर्चित बराही धाम मत्था टेकने पहुंची। जहां उन्होंने सबसे पहले माता रानी का आशीर्वाद लेकर पूजा अर्चना की। साथ ही परिसर में स्थित 105 फिट ऊंचा दक्षिणमुखी हनुमानजी का दर्शन कर पूजा की। ज्योति को देखने के लिए धाम परिसर में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्योति के बराही धाम पहुंचने पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम परिवार के लोगों ने फूल माला पहनाकर चुनरी भेंट की। ज्योति ने पत्रकारों से कहा कि बराही धाम आने के लिए बराबर सोचती थी, लेकिन आज मां के आशीर्वाद से पूरी हो गयी। यहां आने पर मुझे एक अलग शक्ति मिली। जानकारी मिली कि इस धाम में ट्रस्ट विश्व की सबसे ऊंची 351 फिट की मां दुर्गा का भव्य मंदिर बनाने जा रहा है।

### प्रसिद्ध समाजसेवी आत्मानंद चौबे की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

# अभावग्रस्त लोगों के बीच बंटे 500 कंबल मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट ने रेहला संजीव चौबे के आवासीय परिसर की श्रद्धांजलि सभा में विश्रामपुर विस क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी दिवंगत आत्मानंद चौबे की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी। कार्यक्रम में जुटे अतिथियों ने स्व चौबे की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया।

स्व चौबे के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। अध्यक्षता रंजीत चौबे उर्फ मुनमुन चौबे व संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। सभा के बाद परिजनों ने उनकी स्मृति में अभावग्रस्त लोगों में 500 कंबल बांटा गया।

जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण बतौर अतिथि रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश सिंह, एसडीपीओ आलोक टुडू, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, डॉ डीपी शुक्ला, कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजसेवी रंजीत सिंह व कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाली रीतिका पांडेय व अंजली कुमारी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत भी किया गया।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि और छात्रा को पुरस्कृत करते ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख।

# श्री राधा साहु इंटरनेशनल स्कूल कुवरबांध का प्रचार वाहन रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। श्री राधा साहु इंटरनेशनल स्कूल कुवरबांध पाटन पलामू की निदेशक काजल गुप्ता एवं प्रभारी प्राचार्य इंदेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर श्री राधा साहु इंटरनेशनल स्कूल कुवरबांध पाटन पलामू की प्रचार गाड़ी को विद्यालय में नामांकन हेतु रवाना किया।

प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ीकरण आयेगा। प्राचार्य ने बताया कि यहां आदिवासी, हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग के सभी छात्र छात्राओं को न्यूनतम मासिक शुल्क पर बेहतर शिक्षा प्रदान किया जायेगा। स्कूल में डिजिटल क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, कंप्यूटर लैब आदि की समुचित व्यवस्था विद्यालय में की गयी है।

साथ ही कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए अंक गणित डिजिटल मेथड से उनके मस्तिष्क को तेज करने का भी प्रावधान रखा गया है। श्री राधा साहु इंटरनेशनल स्कूल कुवरबांध पाटन पलामू फरवरी 2025 में शुभारंभ होने जा रहा है। प्राचार्य ने सभी अभिवावकों से स्कूल में अपने बच्चों का नामांकन करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अभिभावक फरवरी 2025 से नामांकन कराकर लाभ उठायें।



विद्यालय के प्रचार वाहन को रवाना करतीं विद्यालय की निदेशक।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता शिविर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में डंडई प्रखंड के सृजन पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जो समाज में फैल रहे कुरीतियों एवं कम उम्र में बाल विवाह जैसे कूप्रथाओं पर बहुत ही जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही पीएलवी ने बाल ट्रैफिक, बाल मजदूरी, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं साइबर क्राइम आदि विषयों पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक ऋषि राज, पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे, सुधीर चौबे, गोपाल चौबे, दीपक कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 233 लाभुकों का अनुदान राशि स्वीकृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों की राशि अनुदान स्वीकृति के लिए बैठक की गई। जिसमें अनुदान राशि स्वीकृति के लिए गठित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जातियों के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना मद में चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने के लिए कुल 233 व्यक्तियों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें अनुसूचित जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 22 व्यक्तियों को, अनुसूचित जनजाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 47 व्यक्तियों को एवं पिछड़ी जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 164 व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान राशि के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। ज्ञात हो कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से चलाए जाने वाली कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए चिकित्सा अनुदान के लिए चिकित्सा सहायता योजना संचालित की गई है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्तियों अथवा 72 हजार रूपये वार्षिक आय वाले उपरोक्त वर्णित वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान की राशि मुहैया कराई जाती है। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवादा में पुलिसकर्मी के घर से 15 लाख रुपए की जेवरात व सामानों की चोरी

**नवादा।** नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव में रिटायर पुलिसकर्मी के घर में चोरी की घटना हुई है। चोरी की जानकारी शुक्रवार को मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की है। हवलदार पद से रिटायर श्रवण कुमार ने बताया कि 13 जनवरी को पूरा परिवार मकर संक्रांति का पर्व मनाने के लिए घर से बाहर चला गया था और इसी दौरान चोरों ने घर को अकेला पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के किराएदार जब शुक्रवार को पहुंचे तो उन्होंने फोन करके बताया कि घर में ताला टूटा हुआ है। इसके बाद पूरा परिवार आकर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में सोना, चांदी सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। श्रवण कुमार ने बताया है कि 2 मार्च को उनकी पोती की शादी है और इसके लिए उन्होंने सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान की खरीदारी की थी। सभी सामान घर पर ही रखे थे, चोरी की घटना को अंजाम देकर घर खाली कर दिया गया है। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस पकड़ेगी। फिलहाल, मामले में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर आगे की जांच की जा रही है।

# जिला प्रशासन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



वितरण करते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बढ़ते ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन लगातार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण कर रही है।

साथ ही ठंड से बचाव करने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। गिरते तापमान और बढ़ते ठंड के मद्देनजर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीरज कुमार ओबरा पंचायत के ग्राम अन्नराज नावाडीह पहुंचे और अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज की महिलाओं, पुरूषों तथा ग्राम भदुआ की पीवीटीजी समुदाय के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सहायक निदेशक ने सभी से उन्हें मिलने वाली पेंशनों की भी जानकारी ली तथा किसी के बहकावें में न आने की बाते कहीं।

## मोतिहारी के सरकारी स्कूलो में बेंच-डेस्क सप्लाई की होगी जांच

**पूर्वी चंपारण।** जिला के विभिन्न स्कूलो बेंच-डेस्क की सप्लाई में गड़बड़ी पाये जाने के बाद शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस.सिद्धार्थ ने कड़ा एक्शन लिया है।शिक्षा विभाग ने इस मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश देते हुए एक पत्र जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि पूर्वी चंपारण जिले में बेंच-डेस्क सप्लाई में भारी गड़बड़ी हुई है। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आपूर्ति किए गए बेंच-डेस्क की जांच की गई,जिसकी गुणवत्ता असंतोषजनक पाया गया। प्रथमदृष्टया इसमे जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार के विरूद्ध आरोप प्रमाणित हो रहा है, ऐसे में सरकार ने वृहद जांच का संकल्प लिया है। साथ कहा गया है,कि पूर्वी चंपारण के डीईओ संजीव कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। जिसको लेकर शिक्षा विभाग के विशेष सचिव सतीश चंद्र झा को संचालन पदाधिकारी व तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। विभाग ने कहा है कि संचालन पदाधिकारी तीन माह के अंदर विभागीय कार्यवाही संपन्न कर जांच प्रतिवेदन देंगे। उल्लेखनीय है,कि पूर्वी चंपारण के सरकारी स्कूलों में करोड़ों की बेंच-डेस्क सप्लाई में भारी गड़बड़ी की गई है। जिसका खुलासा सत्ताधारी दल के विधायकों ने की थी।

# प्रशिक्षण के बाद 21 छात्रों को मिली नौकरी



चयनित छात्रों के साथ अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 छात्रों को शोभा लिमिटेड कम्पनी कंपनी बैगलोर मे नौकरी मुहैया कराई है।

गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्राचार्य बृजकिशोर, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, शैलेन्द्र यादव, शमशेर अंसारी ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से काम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 46वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1386 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की। मौके पर एमआईएस प्रेम कुमार, ट्रेनर सिंटू कुमार, जनक राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पेट्रोल पंप पर आधारभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर लाइसेंस होगी निलंबित

**एजेंसी**

**अररिया।** परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी पेट्रोल पंप पर आधारभूत सुविधा को लेकर जांच की जाएगी।बाकायदा परिवहन विभाग की ओर से एक टीम गठित कर सभी पंप पर आधारभूत सुविधाओं की जांच की जाएगी और उसमें कमी होने पर उक्त पेट्रोल पंप का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। यह जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी सतीश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। पेट्रोल पंप परिसर में पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय और पेयजल की व्यवस्था होना अनिवार्य है।

# नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



जानकारी देते पीएलवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** माई युवा भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, संजय बैठा, निरंजन कुमार पांडेय एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक उपस्थित थे। मौके पर मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होने से आए दिन रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। हम अपने आस पड़ोस के व्यक्ति को जागरूक कर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना जरूरी हैं। निरंजन पांडेय ने कहा कि हिट एंड रन योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के पास जमा करें।

स्वीकृत आवेदन प्राप्त होने पर घायल के मामले में राशि 50,000 रुपए प्रदान किया जाएगा। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाया। वहीं पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने सड़क हादसा ग्रस्त लोगों को तत्काल कार्रवाई करते हुए सरकारी सहायता के लिए प्रेरित और चिकित्सा उपलब्ध कराया। मौके पर दिलीप पासवान, संगीता सिन्हा, प्रदीप कुशवाहा, प्रभात तिवारी, यशवंत मिश्र, उदय कुशवाहा, बिरेंद्र साव, राजा रोहन सिंह विकाश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## महाकुंभ में होगा जेएसएफ का विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में विलय : प्रवीण

**अररिया।** आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में होगा। जिसकी विधिवत घोषणा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरीजी महाराज एवं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी हजारों संतो की उपस्थिति में किया जायेगा। मौके पर जूना अखाड़े के मुखिया हरि गिरीजी महाराज द्वारा हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत के मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित कैलेंडर का विमोचन भी किया जाएगा। उक्त बातें फाउंडेशन के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने एक निजी विद्यालय में आयोजित जिला कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए संपूर्ण बिहार से सैकड़ों कार्यकर्ता 24 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। इसके लिए सभी जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर बैठक में मौजूद प्रदेश महासचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश सचिव सत्यवान मालाकार, विभाष झा, महिला विंग प्रदेश महासचिव शिवानी सिंह, जिला संयोजक संदीप कुमार, अर्णव सिंह गोलू, जिला महासचिव प्रसेनजीत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी आदित्य दत्ता, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नितेश रवि,गोरी यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रंजन, चंद्रकला राय, अशोक राय आदि ने 4 फरवरी को अररिया जिला के 21 मंदिरों में मंगल मिलन सह हनुमान चालीसा पाठ कराये जाने की जानकारी दी।

## शहीद सिपाही दीपक कुमार को द्वितीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**भागलपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के मद्य निषेध विभाग में तैनात सिपाही दीपक कुमार की द्वितीय पुण्यतिथि शुक्रवार को भागलपुर जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र स्थित उनके पैतृक गांव नया टोला भोलसर में मनाई गई। इस अवसर पर उनके पिता खगेश प्रसाद साह, माता मंजू देवी, स्थानीय निवासियों और विभागीय अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 17 जनवरी 2023 को मुजफ्फरपुर जिले के दियारा क्षेत्र में छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं ने सिपाही दीपक कुमार की हत्या कर दी थी। माफियाओं ने उन्हें गंडक नदी में डुबोकर मार डाला था। दीपक कुमार के बलिदान को आज भी विभाग और समाज याद करता है। श्रद्धांजलि सभा में भागलपुर मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर ट्रेनिंग ऑफिसर जयभगवान, कहलगांव मद्य निषेध थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, कर्म भूमि कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर रवि कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वक्ताओं ने दीपक कुमार के अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान समाज को प्रेरणा देता है।

## विस चुनाव से पहले राज्य में होगी 80 हजार शिक्षकों की बहाली: सम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार विधानभा चुनाव में एनडीए को पक्की जीत दिलाने के लिए एनडीए गठबंधन के दल काफी सक्रिय है और ताबड़तोड़ वैंकेंसी निकाले की योजनाएं चल रही है। इस बीच राज्य में टीआरई-4 के तहत बहुत जल्द 80 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी, जिसका ऐलान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। सम्राट चौधरी ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि चौथे चरण में 80 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होने वाली है। यह नियुक्ति चुनाव से पहले संपन्न हो जाएगी।

# पटना में ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट से एक की मौत, दूसरा घायल

**पटना।** राजधानी पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र अन्तर्गत भूतनाथ रोड के समीप बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल का ऑक्सीजन गैस सिलेंडर शुक्रवार की शाम ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर वाहन से अनलोड करने के दौरान अचानक फट गया। इस घटना में ऑक्सीजन सिलेंडर उतार रहे एक कर्मी के चीथड़े उड़ गए। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सिलेंडर उतारने में सहयोग कर रहे अस्पताल के एक कर्मी का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस बाबत अनुमंडल अधिकारी सत्यम सहाय ने बताया कि ऑक्सीजन उतारने के क्रम में एक की मौत हुई है जबकि एक घायल है। अनुसंधान में बहुत सारी बातें सामने आयेंगी।

# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया नमन

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पटना जिले के बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुए। उन्होंने शहीदों की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अमर शहीदों स्व. डुमर सिंह (प्रतिमा स्थल गणेश उच्च विद्यालय परिसर, बख्तियारपुर), शहीद नाथुन सिंह यादव (प्रतिमा स्थल नया बाईपास, राघोपुर तिराहा, बख्तियारपुर), स्व. मोगल सिंह (प्रतिमा स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर, बख्तियारपुर), स्व. पं शीलभद्र याजी (प्रतिमा स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बख्तियारपुर) एवं स्व. कविराज



रामलखन सिंह 'वैद्य' (प्रतिमा स्थल नवनिर्मित डाकबंगला परिसर, बख्तियारपुर) की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉएस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## खबर एक नजर में

### 20 को होगा जॉब कैंप का आयोजन

**पूर्वी चंपारण।** जिला नियोजनालय परिसर में आगामी 20 जनवरी को एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन किया जायेगा। कैंप का शुभारंभ 11 बजे दिन से होगा। कैम्प में फुड सप्लायर जोमैटो लिमिटेड भाग लेगी, जिसमे डिलेवरी पार्टनर पद के लिए 150 युवाओ को चयनित किया जायेगा।उक्त पद के लिए योग्यता 10वीं पास व उम्र 18-40 वर्ष के पुरूष निर्धारित किया गया है। जॉब का कार्यस्थल बिहार के पूर्वी चंपारण / हैदराबाद,चेन्नई के जिलों में होगा और मानदेय कमीशन के आधार पर निर्धारित किया गया है।इसके साथ ही मेडिक्लेम, इंश्योरेंस, बोनस भी दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में आयोजित जॉब कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### बीए पार्ट-3 की परीक्षा देने जा रही युवती को ट्रक ने रौंदा, मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया फारबिसगंज मार्ग में सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रही छात्रा की शुक्रवार को मौत हो गयी। घटना अररिया फारबिसगंज मार्ग में एनएच 27 पर हुआ है। फारबिसगंज अमहारा पंचायत के बागमारा वार्ड संख्या 03 निवासी मनोज कुमार मंडल अपनी बेटी को बीए पार्ट 3 की परीक्षा दिलाने के लिये मोटरसाइकिल से कॉलेज अररिया जा रहे थे। जैसे ही वह गोढ़ी चौक के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार पिता व पुत्री को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही पुत्री पुष्पा की मौत हो गयी, जबकि पिता मनोज मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पुलिस की मदद से अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हेलमेट चौक का उद्घाटन कर जीवन जागृति सोसायटी ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**भागलपुर।** जीवन जागृति सोसायटी, जो सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाती है, ने अपने अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की है। डॉ. सिंह के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े प्रतीकात्मक हेलमेट को हेलमेट चौक के रूप में स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए शुक्रवार को डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण हेलमेट का नहीं पहनना है। उन्होंने कहा कि इस चौक का उद्देश्य युवाओं और खासतौर पर मोटरसाइकिल चालकों को यह संदेश देना है कि जीवन अमूल्य है। हर व्यक्ति को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने इस अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि हेलमेट चौक के रूप में स्थापित यह विशाल हेलमेट न केवल एक प्रतीक है, बल्कि यह लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व की याद दिलाएगा। एक निवासी ने कहा कि यह चौक वाहन चालकों को प्रेरित करेगा कि वे हेलमेट पहनने की आदत को अपनाएं। हेलमेट हमारी सुरक्षा की पहली ढाल है और हमें अपने परिवार और समाज के लिए सुरक्षित रहना चाहिए। जीवन जागृति सोसायटी लगातार सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियानों में सक्रिय रही है। हेलमेट चौक का उद्घाटन उसी प्रयास का एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सुरक्षित यात्रा की आदत विकसित करने के प्रति सोसायटी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### अपराधियों के हमले में जदयू नेता के पुत्र व भाई जख्मी, गांव में तनाव

**नवादा।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाने के लोहानीविघा गांव में शुक्रवार को जनता दलों के वरिष्ठ नेता जददू यादव के पुत्र मुकेश यादव तथा भाई मुन्नी यादव को बदमाशों ने 300000 रंगदारी नहीं देने पर जान लेवा हमला कर जख्मी कर दिया गया है। दोनों को गंभीर स्थिति में नवादा सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया। जदयू के वरिष्ठ नेता जददू यादव ने बताया कि गांव के अनिरूद्ध यादव तथा उनके दो बेटों ने मिलकर उनके बेटे मुकेश यादव से 300000 रंगदारी की मांग की। रुपए देने से इनकार करने पर प्राण लेवा हमला कर जख्मी कर दिया। जददू यादव ने बताया कि हमलावर अपराधी किस्म का व्यक्ति है, जो अवैध शराब का बिक्री किया करता है। अवैध शराब की बिक्री का विरोध करने तथा रंगदारी नही देने पर गुंडों ने हमले की कार्रवाई की। उन्होंने यह कहा कि हमारे पुत्र से 300000 की रंगदारी की मांग कर रहा था। इसकी सूचना पूर्व में भी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी। मुफस्सिल के थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्णिया विश्वविद्यालय में वेतन कटौती को लेकर हो रहा बवाल

**पूर्णिया।** पूर्णिया विश्वविद्यालय का प्रशासनिक संकट अब दिन ब दिन गहराता जा रहा है। आउटसोर्सिंग स्टॉफ के वेतन में की गई कटौती ने विश्वविद्यालय की कार्यव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। पहले से ही न्यूनतम वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह कटौती अब और भी आर्थिक संकट का कारण बन गई है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए कुलसचिव की लंबी अनुपस्थिति ने समस्या के समाधान में बाधा उत्पन्न कर दी है। प्रशासनिक शून्यता का खामियाजा न केवल कर्मचारियों को बल्कि छात्रों को भी भुगतना पड़ रहा है। विशेष रूप से एडमिशन प्रक्रिया प्रभावित हुई है, जिससे नए छात्रों और अभिभावकों में असंतोष बढ़ रहा है। परिस्थितियों से आक्रोशित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस बीच छात्रों और कर्मचारियों ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग से हस्तक्षेप की मांग की है।

### डाक जीवन बीमा जागरूकता रथ को डीएम ने किया रवाना

**पटना।** बीमा के प्रति लोगों को जागरूक बनाने एवं डाक जीवन बीमा के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को जागरूकता रथ को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य ने संयुक्त रूप से जिला समाहरणालय से हरी झंडी रवाना किया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने बीमा के महत्त्व को बताते हुए सभी से बीमा कराने की अपील की। डाक अधीक्षक ने बताया कि डाक जीवन बीमा की शुरूआत 01 फरवरी 1884 को हुई थी। शुरूआत में इसका लाभ केवल डाक विभाग के कर्मचारियों को ही दिया जाता था परन्तु वर्तमान में सभी सरकारी, अर्ध सरकारी कर्मचारी, लिस्टेड कंपनी के कर्मी, प्रोफेशनल जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, चार्टर अकाउंटेंट के साथ साथ स्नातक योग्यताधारक भी इस बीमा का लाभ उठा सकते हैं।

### जिलाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्या, शीघ्र कार्रवाई का दिया भरोसा

**किशनगंज।** जिलाधिकारी विशाल राज ने आमजनों की समस्या सुन जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। डीएम विशाल प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से समाहरणालय स्थित सभागार में आमजनों की सभी समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई करते है। इसी क्रम में लोगों ने जिलाधिकारी विशाल राज से मिलकर अपनी समस्याओं, शिकायतों से उन्हें अवगत कराया। प्राप्त समस्याओं, शिकायतों पर यथाशीघ्र नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। डीएम ने बताया कि आमजनों से जुड़ी हुई सभी समस्याओं, शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी।

स्पीड न्यूज

## फिल्म देवा का नया पोस्टर हुआ रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म देवा का एक नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें शाहिद कपूर एक दमदार और गहन अवतार में नजर आ रहे हैं। मोनोक्रोम में बने इस पोस्टर में शाहिद की लाल टिंट वाली सनग्लासेस प्रमुखता से दिख रही हैं, जिसमें एक आग भरा दृश्य प्रतिबिंबित हो रहा है।

## लॉस एंजिल्स में आग से अबतक 27 की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी भीषण जंगल की आग से एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी है और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गयी है। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। लॉस एंजिल्स में दो प्रमुख जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने क्षेत्र में हवाएं धीमी हो जाने से गुरुवार को भी प्रयास जारी रखे।

## युद्ध विराम को झटका 86 फिलिस्तीनी मारे गये

**गाजा।** इजरायल-हमास युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद बुधवार को गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में 23 बच्चों सहित कम से कम 86 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा विभाग ने गुरुवार शाम को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल मौतों में से 73 उत्तर में गाजा शहर में, चार मध्य गाजा में और नौ दक्षिण में दर्ज की गई।

## ओली सरकार के खिलाफ विपक्ष ने बनाया गठबंधन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सत्ता से हटने के लिए विपक्षी दलों ने नया गठबंधन बनाया है। इस गठबंधन ने ओली को इतिहास का सर्वाधिक असफल प्रधानमंत्री करार देते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है। पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्षी मोर्चा के गठबंधन ने ओली सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए इतिहास का सबसे असफल प्रधानमंत्री बताया है।

## स्पेन में पाक के 40 से अधिक लोग डूबे

**इस्लामाबाद।** पश्चिमी अफ्रीका से नाव के जरिए स्पेन पहुंचने का प्रयास कर रहे पाकिस्तान के कम से कम 40 से अधिक नागरिकों के समुद्र में डूब गये। मैड्रिड और नवारा स्थित अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि मोरक्को के अधिकारियों ने बुधवार को एक नाव से 36 लोगों को बचाया। यह नाव दो जनवरी को मॉरिटानिया से रवाना हुई थी। इसमें पाकिस्तान के 66 लोगों सहित 86 प्रवासी थे।

## शेयर बाजार में थमी तेजी, सेंसेक्स 423 और निफ्टी 108 अंक लुढ़का



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों में बिकवाली होने से बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 423.49 अंक यानी 0.55 प्रतिशत गिरकर 76,619.33 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत गिरकर 23,203.20 पर आ गया।



महाकुंभ : प्रयागराज में शुक्रवार को शोभा यात्रा निकालते संत।

# इमरान को 14 और पत्नी को 7 साल की सजा

## अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में अदालत ने पाक के पूर्व पीएम को सुनायी सजा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाया और दोनों को क्रमशः 14 और सात साल की जेल की सजा सुनाई। भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने फैसला सुनाया, जिसे अलग-अलग कारणों से तीन बार टाला जा चुका था। आखिरी बार इसे 13 जनवरी को टाला गया था। न्यायाधीश ने आदियाला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में खान और उनकी पत्नी को कारावास की यह सजा सुनायी। राष्ट्रीय जवाबदेही

**50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग का आरोप**

ब्यूरो (एनएबी) ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। मुकदमा खान और बीबी पर चलाया गया क्योंकि एक प्रॉपर्टी कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं। आरोप है कि एक प्रॉपर्टी कारोबारी के साथ समझौते के तहत ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी द्वारा पाकिस्तान को लौटाए गए 50 अरब पाकिस्तानी रुपये का दुरुपयोग किया गया। राष्ट्रीय



खजाने के तौर पर इस्तेमाल होने वाली इस राशि को उस व्यवसायी के कथित तौर पर निजी लाभ के लिए लगाया गया, जिसने बीबी और खान को एक विश्वविद्यालय स्थापित करने में मदद की थी। अल-कादिर ट्रस्ट की ट्रस्टी के रूप में बीबी पर इस समझौते से लाभ उठाने का आरोप है, जिसमें झेलम में अल-कादिर विश्वविद्यालय के लिए 458 कनाल भूमि का अधिग्रहण करना भी शामिल है।

## दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# महिलाओं को हर महीने 2500 गरीबों को 5 रुपये में भोजन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना पहला संकल्प पत्र जारी कर दिया। पार्टी अभी दो संकल्प पत्र और जारी करेगी। पहले संकल्प पत्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए हर महीने 2500 रुपये देने का ऐलान किया है। दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी। गरीबों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी और होली-दीपावली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। दिल्ली में बिजली-पानी और बस को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह भी जारी रहेंगी। जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेश



**सभी योजनायें भाजपा सरकार आने के बाद पहली कैबिनेट में ही पारित किया जायेगा : जेपी नड्डा**

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की योजना को दिल्ली में लागू

**गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, होली और दीवाली पर एक-एक मुफ्त**

किया जाएगा। यह सारी योजनाएं दिल्ली में भाजपा सरकार आने के बाद पहली कैबिनेट में ही पारित कर दिया जाएगा। दिल्ली वालों को 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। नड्डा ने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये और छह पोषण किट भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपये पेंशन मिलेगी। नड्डा ने कहा कि मैनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन लोग भी भूल जाते थे और राजनीतिक

### खुलेगा अटल कैंटिन

उन्होंने कहा कि दिल्ली में अटल कैंटीन की शुरुआत की जाएगी जिसमें पांच रुपये में पौष्टिक आहार दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने साल 2015 में दिल्ली के लोगों से 100 कैंटीन शुरू करने का वादा किया था लेकिन एक भी शुरू नहीं किया। केजरीवाल ने गरीबों का मजाक उड़ाया है।

पार्टियां भी भूल जाती थीं लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मैनिफेस्टो संकल्प पत्र में परिवर्तित हो गया है। संकल्प से सिद्धि की ओर जाने का मंत्र भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के मन में समा गया है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है।

# भारतवंशी चंद्र आर्य कनाडा के प्रधानमंत्री की दौड़ में शामिल

एजेंसी

**ओटावा।** भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने औपचारिक रूप से कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनने के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। भारत के कर्नाटक में जन्मे श्री आर्य ने कनाडाई संसद को अपनी मूल भाषा कन्नड़ में संबोधित किया, जिससे पूरी दुनिया के कन्नड़ लोगों के लिए गर्व का क्षण बन गया। उन्होंने कहा कि लगभग पांच करोड़ कन्नड़ लोगों के लिए यह गर्व का क्षण है कि कर्नाटक के तुमकुर जिले के शिरा तालुक का एक व्यक्ति कनाडा में संसद सदस्य के रूप में चुना गया है और अब इस प्रतिष्ठित संस्थान में कन्नड़ में बोल रहा है। उन्होंने कनाडा में कन्नड़ प्रवासी की जीवंत सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में याद किया, जिसमें 2018 में कनाडाई संसद में आयोजित कन्नड़ राज्योत्सव समारोह भी शामिल है। उन्होंने कर्नाटक की साहित्यिक विरासत का सम्मान करते हुए राष्ट्रकवि कुवेम्पु की पंक्तियों को उद्धत किया और वैश्विक कन्नड़ समुदाय के साथ एक राग छेड़ते हुए सभी हो सकते हैं, सभी हो सकते हैं, आप हमेशा कन्नड़ हो सकते हैं के साथ समाप्त किया। कर्नाटक में तुमकुर जिले के शिरा तालुक में जन्मे श्री आर्य की कनाडा की

**कर्नाटक में जन्मे आर्य बोले, पांच करोड़ कन्नड़ लोगों के लिए यह गर्व का क्षण**



राजनीतिक यात्रा समावेशिता, सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और वैश्विक सहयोग के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है। विविधता और एकता के मूल्यों पर आधारित उनके अभियान ने कनाडा में भारतीय प्रवासियों का महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षित किया है। उनकी उम्मीदवारी को वैश्विक राजनीति में भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। कन्नड़ में कनाडाई संसद को संबोधित करके, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व के लिए प्रयास करते हुए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व को दर्शाया है। कन्नड़ और वृहद् भारतीय प्रवासियों ने उनकी पहल की सराहना की है, इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत कहा है।

# सैफ अली खान की हालत में हो रहा सुधार

**मुंबई।** चाकू से हमले में घायल हुए अभिनेता सैफ अली खान का मुंबई के लीलावती अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शुक्रवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें दो-तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। पुलिस ने बताया कि हमले के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है जबकि महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि इस घटना के पीछे किसी अंडरवर्ल्ड गिरोह का हाथ नहीं है। लीलावती अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ नितिन डांगे ने कहा, हमने उनकी प्रगति पर नजर रख रहे हैं और हमारी उम्मीदों के मुताबिक उनकी हालत में अच्छी

### पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया



तरह सुधार हो रहा है। उनकी प्रगति के अनुसार, हमने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और अगर वह ठीक महसूस करते हैं, तो दो से तीन दिन में हम उन्हें छुट्टी दे देंगे।

## रूसी सेना में सेवा देने वाले 12 भारतीयों की मौत, 16 लापता

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के दौरान रूसी सेना में सेवाएं दे रहे 12 भारतीयों की मौत हो चुकी है और 18 भारतीय लापता हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में केरल के बिनिल बाबू की हाल ही में रूसी सेना में सेवाएं देते हुए हुई मौत को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि अब तक रूसी सेना में भारतीयों के सेवाएं देने से जुड़े 126 मामले प्रकाश में आए हैं। इन 126 मामलों में 96 भारतीय स्वदेश वापस आ चुके हैं। 18 मामलों में 16 के बारे में रूसी सेना का कहना है कि उनके पास इन भारतीयों की कोई जानकारी नहीं है।

# फ्रॉड कॉल पर लगेगा लगाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां नागरिक केंद्रित सेवाओं के तहत संचार साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 विजन दस्तावेज का अनावरण भी किया और डीबीएन द्वारा वित्त पोषित 4-जी मोबाइल साइटों पर इंट्रा सर्कल रोमिंग का उद्घाटन किया। इससे लोगों को अपने मोबाइल फोन कॉल लॉग से धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना आसान हो जाएगा। सिंधिया ने संचार साथी ऐप के लांचिंग के अवसर पर कहा कि आज संचार साथी ऐप को हर उपभोक्ता के फोन पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि

- **मंत्री सिंधिया ने संचार साथी मोबाइल एप किया लांच**
- **धोखाधड़ी की किसी भी संदिग्ध सूचना की सीधे रिपोर्ट करना होगा आसान**
- **इस एप से चोरी हुये 25 लाख फोन में से 15 लाख मिला**

पोर्टल को वैश्विक सफलता मिली है, 9 करोड़ लोग इसे देख चुके हैं। ऐप...इस पोर्टल की मदद से हमने चोरी हुए 25 लाख फोन में से 15 लाख का पता लगा लिया है। हमारा संचार साथी पोर्टल और ऐप प्रहरी बनकर सभी को सुरक्षित रखेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य हर नागरिक को सशक्त बनाना है राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन पर आधारित...। सिंधिया ने कहा कि 12.5 लाख व्हाट्सएप अकाउंट बंद कर दिए



हैं। इस पोर्टल से लगभग 25 लाख चोरी हुए फोन को निष्क्रिय कर दिया है, जिनमें से 15 लाख का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कई सुविधाएं प्रदान करती है, लेकिन जब भी कोई आविष्कार होता है, तो हमेशा कुछ बुरे लोग होते हैं, जो इसका दुरुपयोग करने की कोशिश करते हैं। संचार साथी पोर्टल सभी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक अभिभावक के रूप में कार्य करेगा।

## कोटा में ओड़िशा के छात्र ने की सुसाइड

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक अभ्यर्थी ओडिशा का निवासी है। आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार, ओडिशा निवासी अभिजीत गिरी (18) अप्रैल 2024 से कोटा में रह कर जेईई की तैयारी कर रहा था। 10 दिनों में कोटा में कोचिंग छात्र की आत्महत्या का तीसरा मामला है। एएसआई लाल सिंह तंवर ने बताया कि सूचना मिली थी कि अंबेडकर कॉलोनी स्थित जैन विला रेजिडेंसी हॉस्टल में जेईई के छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग: मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। मोदी ने भारतमंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को

**हाइड्रोजन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है सरकार : प्रधानमंत्री**

कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढांचा। मेक इन इंडिया के जरिए किफायती वाहन।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा कि



मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग एज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती

है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो

**मेक इन इंडिया पहल को पीएलआइ से मिला बढ़ावा**

उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शक ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिटी के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है।

